शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 131 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 06 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## चीता गामिनी के एक शावक की मौत

**भोपाल**

**मध्य प्रदेश के श्यो**पुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क से एक बुरी खबर आई है। मादा चीता गामिनी के छह शावकों में से एक की मौत हो गई। कूनो नेशनल पार्क की टीम को गामिनी के पास शावक मृत अवस्था में पड़ा मिला। वह करीब तीन महीने का था। दरअसल, मादा चीता गामिनी ने 9 मार्च को 6 शावकों को जन्म दिया था। इनमें से एक शावक की मंगलवार शाम को मौत हो गई है। पार्क प्रबंधन के अनुसार चीता गामिनी का एक शावक उसके पास काफी देर से अचेत पड़ा था। वह कोई हरकत नहीं कर रहा था। संदेह होने पर डॉक्टरों की टीम ने वहां जाकर उसका चेकअप किया, तब पता चला कि उसकी मौत हो गई है। शावक बीमार नहीं था, ऐसे में उसकी मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पार्क प्रबंधन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही शावक की मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

**अब पांच शावक बचे:** मादा चीता गामिनी ने बीती 9 मार्च को 6 शावकों को जन्म दिया था। एक की मौत होने के बाद अब पांच शावक बचे हैं। सभी अपनी मां गामिनी के साथ उसके बाड़े में हैं। पार्क प्रबंधन सभी नजर बनाए हुए है।

## राजस्थान बीजेपी संगठन में हो सकता है फेरबदल

**जयपुर:** राजस्थान बीजेपी संगठन में लंबे समय से चर्चाएं चल रही हैं कि मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी दोनों के ही ब्राह्मण होने के चलते प्रदेश अध्यक्ष की सीट में बदलाव किया जा सकता है। हालांकि, सीपी जोशी के चुनाव जीतने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि उन्हें अब दिल्ली में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसीलिए प्रदेश अध्यक्ष का पद रिक्त हो सकता है। विधानसभा चुनाव के बाद से संगठन मंत्री का पद भी खाली पड़ा है, जिसे जल्द ही भरा जा सकता है। पिछले छह सालों से सक्रिय संगठन मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे चंद्रशेखर ने संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके कार्यकाल में पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष की 50,000 से अधिक लोगों की टीम खड़ी की गई थी। इसके अलावा उनके नेतृत्व में बीजेपी ने राजस्थान के 33 जिलों में अपने कार्यालय भी बनाए थे।

# विपक्ष ने बैठक कर बनाई आगे की रणनीति

## सरकार बनाकर जनमत को निकालने की कोशिश कर रहे मोदी: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे






**नई दिल्ली/एजेंसी**

**दिल्ली में** विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं ने बैठक की। अपने शुरूआती भाषण में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 18वीं लोक सभा चुनाव का जनमत सीधे तौर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत ना देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है। अपने भाषण की शुरूआत में गठबंधन के सभी दलों का स्वागत करते हुए खड़गे ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से मोदीजी के लिये यह ना सिर्फ. राजनैतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है। परन्तु हम सब उनकी आदतों से वाकि फ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हर संभव कोशिश करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम यहां से यह भी संदेश देते हैं कि इंडिया गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान के प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों से प्रतिबद्ध हैं। शाम को ही इस बैठक में संसदीय दल के नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा नेता अखिलेश यादव, नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आआपा नेता संजय सिंह और राघव चड्ढा, तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी और गठबंधन के अन्य प्रमुख घटक दल के नेता शामिल रहे।

**खड़गे में बैठक में कहा- जनादेश मोदी के खिलाफ**

इंडिया ब्लॉक की बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मैं इंडिया गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूँ। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताकत से लड़े। आप सबको बधाई! 18वीं लोक सभा चुनाव का जनमत सीधे तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत ना देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है। व्यक्तिगत रूप से मोदीजी के लिये यह ना सिर्फ. राजनैतिक, बल्कि नैतिक हार भी है। परन्तु हम सब उनकी आदतों से वाकि फ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। हम यहां से यह भी संदेश देते हैं कि क्ष्ढ्ठत्र्र्क्ष गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान के प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते है और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों से प्रतिबद्ध है।

## इंडिया का 'खटाखट' वाला पैसा लेने कांग्रेस मुख्यालय पहुंची महिलाएं

**लखनऊ/एजेंसी**

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में गारंटी कार्ड जारी कर महिलाओं को एक लाख रुपये देने की घोषणा की थी।? कांग्रेस सरकार बनाने के लिए बहुमत भले ही अभी तक जुटा नहीं पाई हो, लेकिन इसको लेकर अब हलचल शुरू हो गई है। नतीजे आने के बाद बुधवार सुबह प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में महिलाएं गारंटी कार्ड लेकर पहुंच गईं। महिलाओं का कहना था कि कांग्रेस ने




अपने चुनावी घोषणा पत्र में गारंटी कार्ड जारी कर एक लाख रुपए देने का वादा किया था, जिसको लेने वह लोग आए हैं। महिलाओं का आरोप था कि कांग्रेस मुख्यालय के भीतर उनका जाने नहीं दिया जा रहा है। गेट पर मौजूद लोगों ने कहा अभी उनके कार्ड उपलब्ध नहीं है।

**इस पर आगे फैसला किया जाएगा**

वहीं, इस बारे में को प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष दिनेश सिंह का कहना है कि कांग्रेस ने चुनाव के पहले गारंटी कार्ड जारी किया था, जिसमें सरकार बनने के बाद? एक लाख देने की बात कही गई थी। चुनाव से पहले बड़ी संख्या में यह कार्ड लोगों को बांटे भी गए थे। आज सुबह जब महिलाएं आई तो कार्यालय कर्मचारी ने कुछ महिलाओं को रखे कार्ड वितरण भी किया।

## प्रियंका वाड्रा का राहुल को पत्र, कहा- मुझे आपकी बहन होने पर गर्व है



**नई दिल्ली/एजेंसी**

लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा होने के एक दिन बाद बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाई राहुल गांधी को पत्र लिखा है। इस पत्र का अंश उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर भी साझा किया। इस पत्र का अंत प्रियंका गांधी वाड्रा ने ऐसे किया है- @राहुल गांधी, मुझे आपकी बहन होने पर गर्व है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस पत्र में कहा है कि, ह्यआप खड़े रहे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उन्होंने आपके स क्या कहा और क्या किया...आप कभी भी विपरीत परिस्थितियों से पीछे नहीं हटे, आपने विश्वास करना कभी नहीं छोड़ा, भले ही उन्होंने आपके ह्द़ विश्वास पर कितना भी संदेह किया हो। यहां उन्होंने या उनके से प्रियंका गांधी का तात्पर्य विपक्षी धड़े, विशेषकर भाजपा से है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने आगे लिखा है कि आपने उनके द्वारा फैलाए गए झूठ के जबरदस्त प्रचार के बावजूद सच्चाई के लिए लड़ना कभी नहीं छोड़ा, और आप क्रोध और घृणा को कभी भी अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया, भले ही वे इसे हर दिन आपको उपहार में देते हों। प्रियंका गांधी वाड्रा ने यह भी लिखा है कि आप अपने दिल में प्यार, सच्चाई और दया के साथ लड़े। जो लोग आपको नहीं देख सके, वे अब आपको देखते हैं, लेकिन हममें से कुछ लोगों ने हमेशा आपको सबसे बहादुर के रूप में देखा और जाना है। @राहुल गांधी, मुझे आपकी बहन होने पर गर्व है।

## लोकतंत्र में न्यायपालिका की भूमिका अहम: चंद्रचूड़

**नई दिल्ली**

देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने ऑक्सफोर्ड यूनियन सोसाइटी में दिए अपने भाषण में कहा कि देश के संवैधानिक लोकतंत्र के मूल में चुनाव हैं, लेकिन जज संवैधानिक मूल्यों की निरंतरता को दशार्ते हैं, जो इस व्यवस्था की रक्षा करते हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका विषय पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका में पारदर्शिता लाने में तकनीक की अहम भूमिका है।

सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों की आलोचना की बात को स्वीकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि प्रौद्योगिकी का समग्र प्रभाव न्यायपालिका को समाज के हर वर्ग




तक पहुंचाने में मदद करना है। दरअसल मुख्य न्यायाधीश से भारतीय चुनाव को लेकर सवाल किया गया। इसके जवाब में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 'चुनाव संवैधानिक लोकतंत्र के मूल में हैं, लेकिन भारत में न्यायाधीशों का चुनाव नहीं किया जाता। न्यायाधीश संवैधानिक मूल्यों की निरंतरता की भावना को दशार्ते हैं। लोकतंत्र में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसमें हम परंपरा की भावना को दशार्ते हैं और ये भी दशार्ते हैं कि एक अच्छे समाज का भविष्य कैसा होना चाहिए।' बतौर जज फैसले सुनाते समय राजनीतिक और सामाजिक दबावों के बारे में पूछे जाने पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अपने 24 साल के अपने करियर में उन्हें कभी भी सत्ता की तरफ से राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा है। विशेष विवाह अधिनियम के फैसले पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैं यहां फैसले का बचाव करने के लिए नहीं आया हूं क्योंकि मेरा मानना है कि एक बार जो फैसला सुना दिया गया, वह वैश्विक मानवता की संपत्ति बन जाता है। विशेष विवाह अधिनियम संसद द्वारा पारित एक कानून था। उस मामले में मैं अल्पमत में था।

## बीजेपी की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वो लोगों की रिस्पेक्ट नहीं करती है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली/एजेंसी**

लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन द्वारा प्रशंसनीय प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को बधाई दी। वहीं मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी का घमंड समाप्त हो गया। इस बीच राहुल गांधी से पत्रकारों ने भी कई सवाल किए। एक सवाल में पूछा कि अमेठी में किशोरी लाल शर्मा जीत गए, लेकिन जब कांग्रेस ने उन्हें अमेठी से स्मृति ईरानी के विरोध में चुनावी मैदान में उतारा था, तब बीजेपी नेताओं ने कहा




था कि राहुल गांधी डर गए हैं। इस पर राहुल ने कहा, बीजेपी की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वो लोगों की रिस्पेक्ट नहीं करती है। बीजेपी को नहीं पता है कि किशोरी लाल शर्मा पिछले 40 सालों से कांग्रेस के लिए काम कर रहे हैं. उनका अमेठी की जनता से पुराना नाता रहा है। वो अमेठी की जड़ों से वाकिफ हैं। इस तरह से अमेठी की जनता ने बीजेपी द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी का करारा जवाब दिया है। बता दें कि इस लोकसभा चुनाव में अमेठी से बीजेपी ने जहां स्मृति ईरानी को चुनावी मैदान में उतारा था तो वहीं, कांग्रेस ने राहुल को ना उतारकर किशोरी लाल शर्मा पर दांव लगाया था। किशोरी लाल शर्मा ने अमेठी से स्मृति ईरानी करार हार दी। इस पर बीजेपी ने तंज कसते हुए कहा था कि राहुल गांधी स्मृति ईरानी से डरकर अमेठी छोड़ कर रायबरेली भाग गए, जो कि किसी भी मायने में उचित नहीं है, लेकिन इस चुनाव में अमेठी की जनता ने स्मृति ईरानी को नकार कर किशोरी लाल को अपना नेता चुना है।

## क्या नई सरकार में बंद होगी 'सेवा विस्तार' की मलाई!



**नई दिल्ली**

**लोकसभा चुनाव** के नतीजों के बाद केंद्र में 'मोदी 3.0' सरकार के गठन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। सात जून को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में एनडीए के सांसदों की बैठक बुलाई गई है। आठ जून को नरेंद्र मोदी, तीसरी बार पीएम पद की शपथ ले सकते हैं। इस बीच मोदी 3.0 सरकार में शीर्ष नौकरशाही को लेकर भी कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा को 240 सीटें मिलीं हैं, जो बहुमत के आंकड़े से 32 सीट कम हैं। हालांकि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने 292 सीट जीती हैं। यह आंकड़ा बहुमत के लिए काफी है। भाजपा अपने सहयोगियों के दम पर सरकार का गठन करेगी। जानकारों का कहना है कि ऐसी स्थिति में शीर्ष नौकरशाहों के पोस्टिंग ऑर्डर में भी एनडीए साझेदार बनेगा। मोदी 2.0 सरकार के दौरान आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को मिली 'सेवा विस्तार' की मलाई, मोदी 3.0 सरकार में बंद हो सकती है।

**क्या सहयोगी दल बनेंगे साझेदार**

केंद्र सरकार में पदस्थ एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है, जब सरकार बदलती है तो नौकरशाह भी बदल जाते हैं। लिहाजा मोदी 2.0 सरकार में एक दल की प्रधानता रही है। ऐसे में नौकरशाही बाबत अधिकांश फैसले शीर्ष नेतृत्व द्वारा ही लिए जाते रहे हैं। अब एनडीए सरकार में चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी के 16 सांसद हैं, जबकि नीतीश की पार्टी जेडीयू ने 12 सीटें जीती हैं। इन दोनों दलों की 28 सीटों के समर्थन के बिना केंद्र में एनडीए सरकार बनना बेहद मुश्किल है।

## आतंकवाद के आरोप में जेल में बंद दो प्रत्याशी जीते चुनाव

**नई दिल्ली**

**चुनाव आयोग** द्वारा घोषित लोकसभा चुनाव के परिणाम में दो ऐसे प्रत्याशी भी विजयी हुए हैं, जो कि आतंकवाद के आरोप में जेल में बंद हैं। अब आने वाले दिनों में बनने वाली 18 वीं लोकसभा में असामान्य स्थिति पैदा हुई है। जिसमें कानून के पास उन्हें सदन कार्यवाही में शामिल होने ताकत है। जबकि संवैधानिक अधिकार दोनों को संसद सदस्य के रूप में शपथ लेने का मौका देता है। 18 वीं लोकसभा के लिए पंजाब के खडूर साहिब से कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह ने जीत हासिल की है। हालांकि वे अप्रैल 2023 में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार हुए थे, इसके बाद उन्हें असम की डिब्रूगढ़ जेल में भेज दिया गया था। वहीं दूसरी सीट जम्मू-कश्मीर की बारामुल्ला सीट है, जिस पर आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोपी शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद विजयी हुए हैं। इंजीनियर राशिद को 9 अगस्त 2019 में आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोप तिहाड़ जेल में कैद किया गया था। ऐसे मामलों में संवैधानिक प्रावधानों का पालन किया जाता है। उन्होंने कहा कि संसद सदस्य के रूप में शपथ लेना एक संवैधानिक अधिकार है। लेकिन चूंकि वे वर्तमान में जेल में हैं, इसलिए इंजीनियर राशिद और सिंह को शपथ ग्रहण समारोह के लिए संसद में ले जाने के लिए अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी। शपथ लेने के बाद उन्हें वापस जेल लौटना होगा।

**क्या कहता है संविधान**

कानूनी पहलुओं को और स्पष्ट करने के लिए अचारी ने संविधान के अनुच्छेद 101(4) का हवाला दिया। जो अध्यक्ष की पूर्व स्वीकृति के बिना संसद के दोनों सदनों से सदस्यों की अनुपस्थिति से संबंधित है। उन्होंने कहा कि शपथ लेने के बाद वे अध्यक्ष को पत्र लिखकर सदन में उपस्थित होने में अपनी असमर्थता के बारे में सूचित करेंगे।

## केंद्रीय विश्वविद्यालयों में डीयू रहा अव्वल

**नई दिल्ली**

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में डीयू भारत के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अव्वल रहा है। इसके साथ ही देश भर के अन्य संस्थानों की सूची में पिछले वर्ष के नौवें स्थान के मुकाबले डीयू इस बार सातवें स्थान पर पहुंचा है। डीयू कुलपति प्रो योगेश सिंह के मुताबिक, भारत के दस शीर्ष संस्थानों में डीयू ने सर्वाधिक 79 रैंक का सुधार किया है। इस उपलब्धि का श्रेय कुलपति ने पूरे दिल्ली विश्वविद्यालय परिवार को दिया है। कुलपति ने कहा कि विवि के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण व राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान के कारण डीयू निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। कुलपति ने बताया कि डीयू ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में वैश्विक स्तर पर 328 वां स्थान प्राप्त किया है जबकि बीते साल रैंकिंग में स्थान 407 वां था।

## नई संसद में इस तरह होगा नए सांसदों का स्वागत, हाजिरी से लेकर ठहरने तक किया इंतजाम

**नई दिल्ली**

**लोकसभा चु**नाव 2024 में एनडीए को बहुमत मिला है। भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख और समय भी मुकर्रर हो गया है। सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून की शाम को हो सकता है। इसे लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। इसी बीच लोकसभा सचिवालय भी 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत करने के लिए तैयार है। नए माननीयों के स्वागत और उनकी खातिरदारी के लिए लोकसभा सचिवालय भी पूरे जोर-शोर से लगा हुआ है। इसके लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं। इतना ही नहीं अधिकारियों की एक स्पेशल टीम को इस काम के लिए लगाया गया है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव की मतगणना खत्म होने के बाद केंद्रीय चुनाव आयोग निर्वाचित उम्मीदवारों की अधिसूचना जारी करेगा। इसके बाद नवनिर्वाचित सांसदों का राजधानी दिल्ली आना शुरू हो जाएगा। उनकी यात्रा से पहले लोकसभा सचिवालय के नोडल अधिकारी उनसे संपर्क करेंगे और दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशनों पर उनका स्वागत करेंगे। इसके लिए लोकसभा सचिवालय विभिन्न टर्मिनलों पर विशेष स्वागत केंद्र भी बनवा रहा है। नए सांसदों के हवाई, रेल या सड़क मार्ग से दिल्ली पहुंचने पर निर्धारित स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। इसके बाद उन्हें संसद भवन के एनेक्सी एक्सटेंशन बिल्डिंग में लाया जाएगा, जहां उनका फिर से स्वागत किया जाएगा। यहां सांसदों को फोन कनेक्शन, नए बैंक खाते, संसद भवन



में स्मार्ट एक्सेस कार्ड, उनके वाहनों के लिए फास्टैग स्टिकर और राजनयिक पासपोर्ट समेत कई दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे।

लोकसभा सचिवालय ने नए सांसदों के पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से पेपरलेस और तकनीक आधारित बनाया है। नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से की जाएगी। पंजीकरण प्रक्रिया 5 जून से 14 जून के बीच जारी रहेगी और शनिवार-रविवार को भी रजिस्ट्रेशन जारी रहेगा। केरल के कोल्लम सीट से सांसद चुने गए एनके प्रेमचंद्रन ने 18वीं लोकसभा के लिए सबसे पहले रजिस्ट्रेशन करवाया है। प्रेमचंद्रन ऐसे सांसदों में शामिल हैं, जो लोकसभा में होने वाली हर चर्चा में हिस्सा लेते हैं।

पहली बार चुने गए सांसद या ऐसे सांसद जो एक अंतराल के बाद फिर से निर्वाचित होकर पहुंचे हैं, उनके दिल्ली में विभिन्न राज्यों के सरकारी गेस्ट हाउस और वेस्टर्न कोर्ट हॉस्टल परिसर में ठहरने की व्यवस्था की जाएगी।

# दो पक्षों की मारपीट में इलाज के दौरान एक की मौत

## पीड़ित पक्ष ने लाश को सड़क पर रखकर किया जाम प्रशासन से किया गिरफ्तारी की मांग

अखंड भारत संदेश





**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के कांदी गांव में सप्ताह भर पहले दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में एक को राड की प्रहार से गंभीर रूप से घायल हो गया। वह प्रयागराज के चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने लाश को सड़क पर रखकर जाम लगाकर प्रशासन से गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी के अनुसार कादी गांव के अखिलेश भारतीया के पुत्र अनिल भारतीया ने थरवई पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पिता अखिलेश भारतीया 35 वर्ष पुत्र सुरजू को 29 मई को शाम छह बजे बगल के ही नितिन भारतीय, राकेश भारतीय ने मारपीट के दौरान सिर पर राड से बैरहमी से प्रहार कर दिया। जिससे वह मौके पर गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। जिसका प्रयागराज में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। बुधवार को पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों सहित भारी संख्या में ग्रामीणों ने कसेरूआ कला के सामने प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर शव रखकर 40 मिनट तक सड़क को जाम कर दिया। परिजन की मांग थी कि नामजद लोगों की गिरफ्तारी कर धारा बढ़ाने के साथ इसमें शामिल अन्य लोगों को भी नामजद करते हुए गिरफ्तार किया जाए। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी थरवई अरविंद कुमार गौतम, थाना प्रभारी सरायइनायत सहित मौजूद भारी पुलिस बल के समझाने बुझाने व आश्वासन पर सड़क मार्ग पर यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सका। मृतक अखिलेश ट्रैक्टर चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत से बेसहारा परिवार में पत्नी मंजू दहाड़ मार मार कर बेहोश हो जा रही थी वहीं पर तीन बच्चों सहित अन्य परिजनों का भी रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं थाना प्रभारी थरवई अरविंद कुमार गौतम का कहना है कि नामजद चार लोगों में एक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अन्य आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। परिजनों द्वारा की गई मांग के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ।




## वन क्षेत्राधिकारी पड़िला रेंज में मनाया गया पर्यावरण दिवस

**थरवई।** पर्यावरण हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है जिसके लिए जागरूकता अभियान चलाये जाते हैं। पर्यावरण का अर्थ सम्पूर्ण प्राकृतिक से है जिसमें हम सभी रहते हैं। हमारे चारों ओर के सभी जीवित एवं निर्जीव तत्व शामिल होते हैं जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड़ पौधे व जीव जंतु। जैसा कि हम जानते हैं पर्यावरण के घटक परस्पर एक दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र परिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। पर्यावरण हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। जैसा कि देखा जा रहा वर्तमान में पेड़ो की कटाई से पर्यावरण पर काफी प्रभाव पड़ रहा है इस भीषण गर्मी में पेड़ों की छाँव मिलना भी मुश्किल है उसी क्रम में 5 जून को पर्यावरण दिवस पर अपने प्रकृति को बचाने के लिए वृक्षारोपण कर लोगों में यह सन्देश दिया गया की अधिक से अधिक पेड़ों को लगाएं। जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहे। वहीं थाना थरवई में भी पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर करते हुए लोगों में बढ़ाई जागरूकता। उसी क्रम में वन क्षेत्राधिकारी पड़िला रेंज कार्यालय कैम्पस में भी हुआ वृक्षारोपण मौके उप क्षेत्रीय वनाधिकारी मशहूद अहमद, वन दरोगा शैलेश कुमार, छेदी लाल बीट प्रभारी सोरांव आदि मौजूद रहे।

# समाजसेविका पूजा प्रजापति ने वृक्षारोपण के लिए ग्रामीण महिलाओं को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**कहा - प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण करना प्रत्येक व्यक्ति का है नैतिक कर्तव्य**



**मेजा।** बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाजसेवी महिला श्रीमती पूजा प्रजापति ने वृक्षारोपण कर ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि प्रकृति का संतुलन एवं वातावरण को साफ सुथरा एवं शुद्ध रखने के लिए वृक्ष लगाना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के कठौली गांव की रहने वाली समाजसेवी महिला पूजा ने अपने सहयोगी ग्रामीण महिलाओं के साथ पूरे गांव में भ्रमण कर जागरूकता अभियान के तहत जन जन तक यह संदेश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। वायुमंडल को स्वच्छ एवं शुद्ध रखने के लिए ग्रामीण महिलाओं को कम से कम दो वृक्ष लगाना आवश्यक है। इतना ही नहीं श्रीमती पूजा प्रजापति ने जागरूकता अभियान के दौरान अपने संदेश में यह भी कहा कि वृक्ष हमारे जीवन को आक्सीजन प्रदान करते हैं और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। ऐसे में यदि अधिकाधिक पेड़ लगाए जाय तो विश्व का पर्यावरण जीवन के लिए सुरक्षित स्थान बन जाएगा और प्रदूषण भी कम होगा। इस मौके पर खुशी प्रजापति श्रद्धा प्रजापति रेखा प्रजापति गंगा प्रजापति चंद्रकली प्रजापति प्राची प्रजापति शिवम् सुधांशु सौरभ विपिन विनीत तथा सत्यम प्रजापति के अलावा कई अन्य ग्रामीण महिला एवं पुरुष प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से हजारों कीमत की गाय की मौत

**मऊआइमा।** खेत में लगे खम्बे में ऊतरे करंट के चपेट में आने से घास चरने गई गाय की मौत हो गई। गाय को जमीन में गड्ढा खोदवा कर गड दिया गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय सुलतान में राम बहादुर की कीमती जर्सी गाय घास चरने गई थी।जब काफी देर तक गाय नहीं आयी तो राम बहादुर पता लगाने खेत की ओर गया तो देखा कि सिंचे हुए खेत में गडा हुआ पोल से उतर रहा करंट की चपेट में आने से गाय मरी पडी थी।बताते हैं कि किसी तरह बिजली की लाइन कटवाई गयी और अर्थिंग तार को सही किया गया।और मरी हुई हजारों कीमत की गाय को जमीन में गड्ढा खुदवाकर गाड दिया गया।

# वायुमंडल और वातावरण स्वच्छ रखने के लिए वृक्ष लगाना बेहद आवश्यक : सुधा सेठी

**विश्व पर्यावरण दिवस पर नवोदय विद्यालय मेजा में आयोजित हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नवोदय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुधा सेठी ने पौधरोपण करने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाना बहुत ही आवश्यक है। प्रति व्यक्ति दो पौधे लगाए और पर्यावरण को शुद्ध एवं साफ बनाएं। उन्होंने सबको पौधरोपण के लिए बरसात के पहले दो-दो पौधे का रोपण करने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वायुमंडल और वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। मौसम को संतुलित बनाए रखने में वृक्ष अत्यंत आवश्यक है। वन क्षेत्राधिकारी अजय सिंह ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को साल में एक बार कम से कम 5 वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर वन दरोगा सर्वेश कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, परमात्मा तिवारी, अरुण श्रीवास्तव और भास्कर श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# इलाहाबाद से उज्जवल रमण सिंह की ऐतिहासिक जीत पर समाजसेवी सिद्धांत तिवारी ने दिया बधाई बांटी मिठाई

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** इलाहाबाद लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह की ऐतिहासिक जीत पर मेजा विधान सभा क्षेत्र के समाजसेवी सिद्धांत तिवारी ने बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह की इस ऐतिहासिक जीत के पीछे उनके पिता माननीय कुंवर रेवती रमण सिंह का क्षेत्र की जनता में विगत 40 वर्षों का अटूट विश्वास एवं त्याग है जिसे जनता ने प्राथमिकता दिया है। इतना ही नहीं श्री तिवारी ने यह भी कहा कि सपा के पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने बेटे उज्जवल रमण सिंह को विरासत में जो राजनैतिक संस्कार दिया है उसे आगे बढ़ाने एवं जनता के सुख दुःख में पूरी तन्मयता के साथ खड़े रहकर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करेंगे। श्री तिवारी ने कांग्रेस प्रत्यशी की इस बड़ी जीत के लिए क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। गौरतलब है कि इलाहाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत खबर जैसे ही मिली पूरे मेजा विधान सभा के लोग खुशी से झूमने लगे और आपस में मिठाई खाने खिलाने का दौर शुरू हो गया। फिलहाल उज्जवल रमण सिंह की इस ऐतिहासिक जीत से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# नाली जाम होने से सड़क पर बहता है गंदा पानी, परेशानी

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** तहसील मुख्यालय मेजा के करीब मेजा खास बाजार में सफाई के अभाव में नाली जाम होने के कारण सड़क पर गंदा पानी बह रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील, ब्लॉक, पुलिस आयुक्त और डाकघर का कार्यालय होने के कारण यहां प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग आते हैं। बाजार में मुख्य सड़क पर पानी जमा रहने के कारण लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। सरकार स्वच्छता अभियान के तहत हर घर से कूड़ा उठाव पर लाखों खर्च कर रही है। बावजूद इसके बाजार के लोगों को गंदगी के बीच रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। बाजार वासी हिमांशु मोदनवाल, विनोद प्रजापति, सूरज प्रजापति, विनोद केशरी, लक्ष्मण केशरी आदि ने बताया कि बाजार की मुख्य सड़क पर दोनों तरफ बनी नाली में घरों का गंदा पानी निकलता है। नाली की सफाई न होने से ओवर फ्लो होकर सड़क पर गंदा पानी बहता है और कचहरी आने वाले लोगों को गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। पटिया वाली गल्ली से गांव की तरफ जाने के लिए लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। सड़क के किनारे बसे लोगों को अपने घरों तक जाने में गंदे पानी से होकर जाना पड़ता है। वहीं जाम नाली की दुर्गंध से लोग परेशान हैं। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अखिलेश तिवारी ने बताया कि मेजा खास बाजार में सफाई कर्मी की नियुक्ति न होने से समस्या बनी हुई है। रोस्टर के हिसाब से सफाई कराई जाती है। चुनाव के कारण समस्या है। सफाई कर्मी लगाकर नाली साफ करा दिया जायेगा।

# पर्यावरण दिवस पर शुआट्स में किया गया पौधारोपण



**नैनी, प्रयागराज।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुआट्स के इलाहाबाद स्कूल आफ एजूकेशन द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण मे डा निहारिका डेनिस, डा ज्योत्सना जायसवाल, डा. सैयदा सारा अजीज, डा. संगीत अल्फ्रेड सहित छात्र-छात्रायें शामिल रहे। छात्र-छात्राओं को दिये संदेश में फेकल्टी सदस्यों ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना तथा साथ ही प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करना है। मानव और पर्यावरण एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, जल की बबार्दी, वृक्षों की अत्यधिक कटाई से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित होता है और प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बनता है। अतः हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण के लिये जागरूक रहना चाहिये और अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिये।

# पर्यावरण को सुरक्षित रखने व प्रदूषण से बचने के लिए करें वृक्षारोपण : शिवानी सोनी

**सेंट पीटर्स स्कूल सिरसा के बच्चों ने वृक्षारोपण कर धूमधाम से मनाया पर्यावरण दिवस कार्यक्रम**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सेंट पीटर्स स्कूल छतवा, सिरसा के विद्यार्थियों ने बुधवार को पौधारोपण कर धूमधाम से पर्यावरण दिवस मनाया। स्कूल कीप्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी ने विद्यार्थियों को यह गतिविधि करने के लिए कहा और विश्व पर्यावरण दिवस पर हर व्यक्ति के प्रयास को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण बहुत जरूरी है क्योंकि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। यदि अधिकाधिक पेड़ लगाए जाएं तो विश्व का पर्यावरण रहने के लिए सुरक्षित स्थान बन जाएगा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से प्रदूषण भी कम होता है। हर किसी को कम से कम एक पेड़ लगाकर इस पहल को अपनाना चाहिए, जिससे बहुत बड़ा बदलाव आ सकता है। छात्रों ने इस गतिविधि में खुशी के साथ भाग लिया और पौधे लगाते हुए अपनी तस्वीरें साझा किया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शीक्षिकाएं छात्र छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ के लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# हरे राम सेवा संस्थान ने वृक्षारोपण कर मनाया पर्यावरण दिवस



**प्रयागराज।** बुधवार 5 जून को हरे राम सेवा संस्थान के संरक्षक और सीएमएपी डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर अनंत सिंह जेलियांग, और उनकी टीम ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया। संस्था के संस्थापक डॉ. अनंत सिंह ने वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इस दिन की महत्वता पर प्रकाश डाला। संस्था के संस्थापक अनंत ने सबको संकल्प दिलाई की वो हर वर्ष अपने जन्मदिवस पर और किसी भी शुभ कार्य पर एक वृक्ष लगाकर पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्ध होंगे। डॉ. अनंत ने बच्चो से अपील करते हुए कहा की हमारी जिम्मेदारी आज सिर्फ एक वृक्ष लगा कर पूर्ण नहीं होगी बल्कि हमे अपने लगाए हुए पौधों का निरंतर सेवा करना होगा और यह निरन्तर सेवा अपने संतान की सेवा करने जैसा होगा। वृक्षारोपण अभियान में डॉ संजय कुमार सिंह, रोहित सिंह,अमृत राज ,गौरव ओझा,अंकुर रौनियार, सौरभ पाण्डेय अविनाश पाल, निखिल प्रजापति, धर्मेंद्र यादव,देवब्रत राय तथा रोहित वर्मा, सुनील कुमार यादव, पवन साहू, सत्यम, जयंत यादव, प्रत्युष सिंह, आदि शामिल रहे।

# बैठक आयोजित कर नवनिर्वाचित सांसद के प्रति जताया गया हर्ष



**सहसों।** 51 लोकसभा क्षेत्र फूलपुर से नवनिर्वाचित सांसद प्रवीण सिंह पटेल के विजई होने पर चिरोड़ा चौराहा देवनहरी में भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं द्वारा मंडल सहसों की एक बैठक आयोजित कर लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हर्ष जताया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मण्डल अध्यक्ष राकेश प्रसाद मिश्रा ने कहा कि बहुत ही मृदु भाषी, मिलनसार, कुशल जनप्रतिनिधि प्रवीण सिंह पटेल के विजयी होने पर हम सभी कार्यकर्ता खुशी मनाते हुए अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से महामंत्री पवन कुमार शुक्ला, सत्यम हिंदू , गुलाब प्रसाद त्रिपाठी, लक्ष्मी कांत मिश्रा, शकुंतला शुक्ला, विमल मिश्रा, सूर्यमणि पांडे, सचिन शुक्ला, राजेश चौरसिया, मूलचंद्र पाल, राजेंद्र वर्मा, दीना नाथ पटेल, संजय तिवारी, प्रसिद्ध नारायण पाण्डेय, पवन कुमार पांडेय, शंकरलाल, राज कुमार जायसवाल एवं कमलेश पटेल सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण से ही जलवायु परिवर्तन होगा कम : जमनोत्री गुप्ता

### विश्व युवक केंद्र, वसेरा ने निकाली नदी यात्रा

**अखंड भारत संदेश**







**प्रयागराज।** वृक्षारोपण से ज्यादा उसकी देख रेख जरूरी है। वृक्षारोपण से ही जलवायु परिवर्तन कम किया जा सकता है। इलाहाबाद गार्डेन एसोसिएशन सदैव पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियां संचालित करती रहती है । यह विचार जमनोत्री देवी द्वारा विश्व युवक केंद्र तथा वसेरा द्वारा आयोजित नदी यात्रा के पश्चात सेमिनार की मेजबानी करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन से आज पूरा विश्व चिन्तित हो रहा है। प्रयागराज जनपद में भूगर्भ जलस्तर तेजी से गिरता जा रहा है। तापमान 50 डिग्री तक पहुचने को बेताब है। प्रयागराज की पहिचान माँ गंगा, जमुना, सरस्वती का संगम में जल घटता जा रहा है। प्रयागराज मण्डल की छोटी नदियॉ लपरी, टोस, कर्मावती, ससुर खदेरी गर्मी में सूखने लगती है।ज्वालामुखी नदी का अस्तित्व ही समाप्ति की ओर है।पर्यावरण दिवस पर नदी यात्रा एक पुण्य का कार्य है। वर्षा प्रारम्भ होने वाली है।इस समय वर्षा के तेज जल को धीरे धीरे चलना सीखना होगा। तत्पश्चात उसे स्थिर संरक्षित करना चाहिये। जब छोटी नदियो में जल सतत अविरल बहेगा तो भूमि के अन्दर जाकर भूगर्भ जलस्तर बढ़ायेगा। इससे पहाड़ी क्षेत्रों में कुओ में गर्मी में भी जल उपलब्ध मिलेगा। इससे आस पास में स्वतः वृक्ष हरे भरे रहेंगे। तभो जलवायु परिवर्तन को कम किया जा सकता है। इसके पूर्व विश्व युवक केंद्र तथा वसेरा द्वारा बड़े हनुमान जी गंगा तट से मटियारा रोड एल आई सी कॉलोनी होते हुये बालसन तक 15 किलोमीटर नदी यात्रा निकाली गई। ततपश्चात बालसन पर सेमिनार का आयोजन किया गया। दूसरी नदी नदी यात्रा एंग्लो बंगाली इण्टर कॉलेज से यमुना तट मनकामेश्वर मन्दिर तक प्रसन्न घोष के नेतृत्व में निकली गयी। जहाँ यमुना तट पर लोगो को नदी संरक्षण व छोटी नदियो के पुनर्जीवन के लिये संकल्प दिया गया। वसेरा के सचिव देवेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि विश्व युवक केंद्र पूरे भारत मे अपने सहयोगी संस्थानों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस 2024 मन रहा है।प्रयागराज कौशाम्बी में 5 जून से 5 जुलाई तक 7 विद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ हरि धरती हमारा कल विषय पर संवाद परिचर्चा की जाएगी। इसके पूर्व जमनोत्री गुप्ता, प्रभा भार्गव तथा डॉ इन्दु सिंह को पर्यावरण प्रहरी सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। पत्रकारों को पर्यावरण प्रेरण सम्मान तथा संस्था प्रतिनिधियों को जल योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रभा भार्गव, पर्यावरणविद ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान के लिए मन का बल चाहिए।जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हमारा कल सुरक्षित रहेगा। जल ही जीवन है। हमारे दादा नदियों मे जल देखे थे। हमारे पिता कुओं में जल देखा था। हम सब बोतल में जल देख रहे है। आने वाली पीढ़ी कहाँ देखेगी जल। जल है तभी कल है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ इन्दु सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को जीवनचर्या में लाना होगा। यही हमारी संस्कृति होनी चाहिये।बच्चों को पर्यावरण का संस्कार दिया जाना चाहिए। तभी जलवायु परिवर्तन कम होगा। नदी यात्रा में शिवम शर्मा, आशुतोष शर्मा, डॉ गिरधारी भाई, प्रभाकर दुबे, विवेक पाण्डेय आदि ने भाग लिया। सेमिनार में इलाहाबाद गार्डन एसोसिएशन की डॉ एस चौधरी, रचना अग्रवाल, प्रीति, साधना, सुभाष राठी,कुमकुम, डॉ शीला , पूनम, मीनल सिंह आदि उपस्थित रही।

# श्री नारायण आश्रम बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में मनाया गया पर्यावरण संरक्षण दिवस



**प्रयागराज।** श्री नारायण आश्रम बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में आज दिनांक 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ मौके पर विद्यालय के छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की एक जागरूकता रैली निकाली गई ।इस रैली के दौरान छात्र छात्राओं ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने रैली में बैनर लेकर पेड़ लगाने, प्रदूषण कम करने की लोगों से अपील की. इसके बाद विद्यालय में पौधारोपण भी किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती विभा मिश्रा ने बताया कि मानव व पर्यावरण एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। इसलिए हमें वृक्षों की कटाई को रोकना होगा और अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे।

# चल रहीं गर्म हवाएं लू का असर तेज



**प्रयागराज।** बुधवार को भी तेज धूप और लू का असर दिखा। सुबह से ही तेज धूप की वजह ने काम पर निकले लोगों की हिम्मत डगमगा दी। यहां गर्म हवा यानी लू का प्रकोप भी दिखने लगा है। लगातार तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों का स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। यही स्थिति कल मंगलवार को भी रही। पूरे दिन धूप और गर्मी बनी रही। कल का अधिकतम तापमान 45.2त्ऊ दर्ज किया गया था और आज भी यही स्थिति है।सुबह 11 बजे तक तापमान 40त्ऊ पहुंच गया है और गर्मी भी बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक गर्मी बनी रहेगी। क्योंकि इस दौरान तापमान 43त्ऊ तक पहुंचेगा।

## अभी जारी रहेंगी गर्म हवाएं और तेज धूप

मौसम विभाग के अनुसार, अभी प्रयागराज में गर्म हवाएं लोगों को परेशान करेंगी। 2 जून को नौतपा की अवधि भले ही खत्म हो गई हो, लेकिन गर्मी और लू से अभी कुछ विशेष राहत नहीं मिलने वाली है। तापमान में कुछ कमी आने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार अलर्ट किया जा रहा है कि लू और तेज धूप से बचकर रहने की जरूरत है ताकि स्वास्थ्य बेहतर रहे।

# इलाहाबाद से उज्जवल रमण की ऐतिहासिक जीत पर पप्पू शर्मा ने दिया बधाई लोगों का जताया आभार

### कहा - कुंवर परिवार के लाल उज्जवल रमण ने करिश्माई जीत हासिल कर प्रयागराज में कांग्रेस का न सिर्फ परचम लहराया है बल्कि प्रयागराज के मतदाताओं के मान सम्मान एवं स्वाभिमान को भी गौरवान्वित किया है







**मेजा।** इलाहाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह की बड़ी एवं ऐतिहासिक जीत पर समाजसेवी एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कठौली हरिशंकर शर्मा पप्पू भैया जी ने बधाई देते हुए गांव व क्षेत्र के सम्मानित मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मेजा विधानसभा की जनता ने यहां के जमीनी नेता कुंवर रेवती रमण सिंह के मान सम्मान एवं स्वाभिमान को महत्व देते हुए उनके बेटे उज्जवल रमण सिंह को ऐसी ऐतिहासिक जीत दिलाई है जो आने वाले समय में यादगार साबित होगी। उन्होंने आगे कहा कि बीते 40 वर्षों से प्रयागराज से कांग्रेस पार्टी धराशाई होने के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने कुंवर परिवार के यशश्वी लाल एवं पूर्व मंत्री उज्जवल रमण पर भरोसा जताया और उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का भरोसा और कुंवर खानदान का जलवा कायम रखते हुए यमुनापार के करछना के इस लाल ने इलाहाबाद में कांग्रेस का परचम लहराकर न सिर्फ कांग्रेस पार्टी में जान डाल दी है बल्कि मंहगाई बेरोजगारी एवं संविधान की रक्षा के लिए अपने समर्थकों व सहयोगियों के दम पर प्रचंड करिश्माई ऐतिहासिक जीत हासिल कर पूरे प्रयागराज के मतदाताओं को गौरवान्वित किया है। इलाहाबाद में कांग्रेस की यह प्रचंड जीत प्रयागराज के उन सभी मतदाताओं की जीत है जिन्होंने पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि विकास की कड़ी में पीछे रहने वाला यमुनापार अब उज्जवल रमण सिंह के नेतृत्व में आगे बढ़ेगा और नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। इतना ही नहीं श्री शर्मा ने यह भी कहा कि जिस उम्मीद के साथ क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी को आशीर्वाद दिया है वह उम्मीद कभी बेकार नहीं जाएगी। क्योंकि जनता का विश्वास ही एक राजनेता की सबसे बड़ी पूंजी है। हालाकि इलाहाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह की इस बड़ी एवं ऐतिहासिक जीत पर बेहद खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने गांव के साथ साथ मेजा विधानसभा के सभी मतदाताओं को दिल से आभार जताया है और पूरे गांव में घूम घूम कर उज्जवल नहीं उजाला है घर घर का रखवाला है का जोरदार नारा लगाते हुए समर्थकों संग लोगों का मुंह मीठा कराते हुए नव निर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह को बधाई दिया है। इस मौके पर सत्य प्रकाश शर्मा दिलावर सिंह सिद्धांत तिवारी सचिन अवस्थी ग्राम प्रधान कठौली शंभूलाल विजय मिश्रा उर्फ बबलू पायसी मंगला निषाद राजकुमार सोनकर मेनेश सोनकर मुरारी लाल कनौजिया मानिक चन्द्र शर्मा मिश्री लाल सोनकर दिलीप सोनकर कामता हरिजन सुरेश पटेल रमाशंकर नाई तथा आकाश नाई आदि के अलावा कई अन्य समर्थक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जिला महिला व्यापार मंडल की तरफ से सुभाष चौराहा पुलिस चौकी पर फ्रिज दिया गया

### पुलिसकर्मी इस गर्मी में पानी के लिए परेशान होते हैं या तो बाजार से पानी खरीद कर पीते : अध्यक्ष अवंतिका टंडन

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिला महिला व्यापार मंडल की तरफ से सिविल लाइंस थाना अंतर्गत सुभाष चौराहा पुलिस चौकी पर जिला महिला व्यापार मंडल की तरफ से एक फ्रिज दिया गया है। प्रयागराज की जिला महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष अवंतिका टंडन का कहना है कि समाज में हमेशा शांति व्यवस्था बनाए रखने वाले हमारे पुलिसकर्मी हमेशा हम सभी के बीच में रहते हैं और ऐसी भीषण गर्मी में उन्हें ठंडा पानी तक नहीं मिल पा रहा है। जिसको देखते हुए जिला महिला व्यापार मंडल ने एक फ्रिज सुभाष चौराहे पर स्थित पुलिस चौकी पर लगवाया है। जिससे कि उन्हें शीतल शुद्ध और अच्छा पानी पीने को मिल सके। तो वहीं जिला महिला उद्योग व्यापार मंडल की महामंत्री पल्लवी अरोड़ा ने बताया कि हम लोग अपनी समस्या शिकायत लेकर जो पुलिस चौकी में आते हैं तो हम लोगों की समस्याओं का निराकरण थाने व चौकी से किया जाता है लेकिन हमारे पुलिसकर्मी इस गर्मी में पानी के लिए परेशान होते हैं या तो बाजार से पानी खरीद कर पीते हैं उनकी समस्याओं को देखते हुए हम लोगों ने एक फ्रिज पुलिस चौकी में लगवाई है ताकि हमारे पुलिसकर्मी भाइयों को ठंडा पानी मिल सके। इस अवसर पर एसीपी सिविल लाइंस श्वेताभ पाण्डेय, सिविल लाइंस थाना प्रभारी वह पुलिस चौकी प्रभारी के साथ साथ जिला महिला व्यापार मंडल की कोषाध्यक्ष हिना खान, मीडिया प्रभारी पंकज चौधरी मौजूद रहे।

# पीसीएस, आरओ-एआरओ और स्टाफ नर्स भर्ती की मुख्य परीक्षाएं अगले साल




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से वर्ष 2024 का संशोधित कैलेंडर जारी किए जाने के बाद तीन मुख्य परीक्षाएं अगले साल तक के लिए टल गईं हैं। ऐसे में आयोग के लिए भर्ती परीक्षाओं के सत्र को पटरी पर लाना बड़ी चुनौती होगी। इनमें पीसीएस जैसी प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित भर्ती परीक्षा भी शामिल है।आयोग की ओर से 12 जनवरी 2024 को जारी किए गए कैलेंडर में स्टाफ नर्स (यूनानी/आयुर्वेदिक) (पुरुष/महिला) मुख्य परीक्षा-2023 का आयोजन नौ जून 2024, सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) मुख्य परीक्षा-2024 का आयोजन सात जुलाई 2024 और समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) मुख्य परीक्षा-2023 का आयोजन 28 जुलाई 2024 से प्रस्तावित था। आयोग ने तीन जून को जो संशोधित कैलेंडर जारी किया, उसमें इन तीनों मुख्य परीक्षाओं को शामिल नहीं किया जा सकता है। दरअसल, 11 फरवरी 2024 का हुई आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 पेपर लीक के कारण निरस्त कर दी गई थी और इसके बाद आयोग ने 17 मार्च को प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 एवं 22 मार्च को प्रस्तावित स्टाफ नर्स (यूनानी/आयुर्वेदिक) (पुरुष/महिला) प्रारंभिक परीक्षा-2023 को स्थगित कर दिया था।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर जनपद न्यायाधीश महोदय एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों के द्वारा लगाया गया पेड़

### लगाकर वातावरण और पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने का दिया गया संदेश

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज की अध्यक्षता में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय में समस्त न्यायाधीशों एवं कर्मचारियों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा पेड़ लगाकर वातावरण और पर्यावरण को प्रदूषित न होने के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान करते हुए सबको विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर बधाई दी। समस्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा पेड़ लगाकर लोगों को पर्यावरण के बारे में बताया गया। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा दी गई।

# शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क, में आयोजित किया गया संगोष्ठी कार्यक्रम, लगाए गए पेड़

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** बुधवार को प्रयागराज में 1857 की क्रांति का प्रस्फुटन दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम विषयक चित्र एवं अभिलेख प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार(संस्कृति विभाग) प्रयागराज द्वारा शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उमेश चंद्र गणेश केसरवानी माननीय महापौर प्रयागराज द्वारा शहीद चन्द्रशेखर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन उपस्थिति सभी अतिथियों के साथ किया गया। इस प्रदर्शनी में मौलवी लियाकत अली द्वारा मेरठ के विद्रोह के फलस्वरूप प्रयागराज में दिनांक 05 जून, 1857 को स्वतंत्र सरकार का गठन से सम्बन्धित अभिलेखों को प्रदर्शित किया गया। कर्नल नील द्वारा विद्रोह के परिणाम स्वतरूप प्रयागराज के निर्दोष 800 नागरिकों को बिना विधिक कार्यवाही के फांसी पर लटका दिया गया और अनगिनत नागरिकों को तरह - तरह की क्रूरतम सजाऐं देने सम्बन्धी प्रदर्शो को प्रदर्शनी में दशार्या गया है। इस अवसर पर महापौर जी द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत एवम कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर लेखराज सिंह अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता हाईकोर्ट, अनुपम परिहार, वंशराज उप प्रधानाचार्य जीआईसी पय्रागराज, गुलाम सरवर पांडुलिपि अधिकारी, वरिष्ठ कवि रत्नेश द्विवेदी, यज्ञ नारायण पटेल, राजनारायण पटेल, अभिषेक केसरवानी,उमेशचन्द्र कनौजिया, राकेश निर्मल, विनय प्रकाश, बृज मोहन सिंह, शेषनाथ सिंह, प्रतिमा मिश्रा, श्रीमती रागिनी चन्द्रा, हरिश्चन्द्र दुबे, विकास यादव, रोशन लाल, अजय कुमार मौर्या, शुभम कुमार सहित गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

# जनता की समस्याओं का सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर होगा निदान

## जीत के बोले नवनिर्वाचित सांसद डा0 एसपी पटेल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद डा0 एसपी पटेल ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी भाजपा के प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता को लगभग 66 हजार मतों से पराजित करने के बाद जनता को इस जीत का श्रेय दिया जिन्होंने इस भीषण गर्मी में आकर मतदान किया है।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ की समस्याओं तथा विकास कार्यों की वह लिस्ट बनाएंगे और प्राप्त संसाधनों के आधार पर उनका निदान प्राथमिकता पर किया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या राजा भइया का सहयोग मानते हैं, तब उन्होंने कहा कि राजा भइया सहित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के लिये मैं उनका शुक्रगुजार हूं। जनता ने मुझ पर विश्वास किया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा। बता दें कि मंगलवार की देर शाम जिलाधिकारी संजीव रंजन से जीत का प्रमाण पत्र लेने के बाद बाहर निकलने पर वह पत्रकारों से बात कर रहे थे।


जीत के बाद उत्साहित सांसद डा0 एसपी पटेल।

## भाजपा प्रत्याशी संगम लाल की हार से खलबली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संगम लाल की हार से भाजपा खेमे में खलबली मची हुई है। नाम न छापने का अनुरोध करते हुए भाजपा नेता यह कहने में नहीं चूकते कि जिस दिन उन्हें पहली लिस्ट में टिकट मिला था, उसी दिन उनकी हार की पटकथा लिखी जा चुकी थी। कार्यकर्ताओं की मानें तो हार का मुख्य कारण संगम लाल गुप्ता का अहंकार सबको साथ लेकर क्षमता का न होना तथा विकास कार्यों को धरातल में लाने में उनकी असमर्थता बताया जाता है। इसके अलावा संगम लाल सहित भाजपा नेताओं का अति आत्म विश्वास व बड़बोलापन भाजपा की नैया डुबाने में सहायक रहा।

# आदित्य सिंह व मोहित विश्वकर्मा ने नीट की परीक्षा में नाम किया रोशन

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** अमर जनता इंटर कॉलेज कटरा गुलाब सिंह के पूर्व प्रधानाचार्य ललन सिंह के पौत्र आदित्य सिंह ने नीट की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के वार्ड नंबर एक पूरे वैष्णो के निवासी क्षेत्र के प्रसिद्ध मेडिकल व्यवसाई विनोद प्रताप सिंह के कनिष्ठ सुपुत्र आदित्य सिंह ने नीट की परीक्षा में 99.60 प्रतिशत अंक हासिल कर के अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आदित्य सिंह ने 720 में 680 अंक हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त किया है। राष्ट्रीय स्तर पर इनको 8454 वीं रैंक प्राप्त हुई है। ग्रामीण परिवेश में रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे आदित्य सिंह के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर परिजनों समेत क्षेत्र वासियों ने इनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। इसी क्रम में जनपद के कुंडा क्षेत्र के निवासी राम विशाल विश्वकर्मा के सुपुत्र मोहित विश्वकर्मा ने नीट की परीक्षा में 99. 68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर के अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। इन्हें 720 में 683 अंक मिले हैं। राष्ट्रीय स्तर पर इनकी रैंक 7442 वीं है। मोहित की सफलता से परिजन सहित गांव के लोग भी गदगद हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से भी उन्हें लगातार बधाइयां दे रहे हैं।


आदित्य सिंह।


मोहित विश्वकर्मा।

# किसान के बेटे ने क्रैक किया नीट की परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के एक होनहार ने 5 मई 2024 को आयोजित नीट की परीक्षा में स्थान बनाने में सफल रहा। 4 जून को जैसे ही एनटीए द्वारा परिणाम घोषित किया गया और छात्र द्वारा अपना परिणाम देखा गया तो वह खुशी से झूम उठा।और जब इसकी जानकारी घर वालों को दिया तो उनकी खुशी का ठिकाना ही न रहा।पिता रंजय सिंह ने बेटे आयुष्मान का पीठ थपथपाते हुए उसके लग्न व मेहनत के लिए खूब सराहा।उसकी उपलब्धि पर घर वाले तो खुश है ही साथ में पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर देखी जा रही है।पट्टी तहसील क्षेत्र के भीखमपुर निवासी आयुष्मान ने प्राथमिक शिक्षा अमरगढ़ बाजार स्थित गीतादेवी कान्वेंट स्कूल से हासिल किया और हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा प्रतापगढ़ के आत्रेय एकेडमी से किया। नीट परीक्षा की तैयारी छात्र ने घर पर रहकर ही किया और अपने चाचा के कुशल मार्गदर्शन में किया और उसका परिणाम यह रहा की वह देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में एक नीट की परीक्षा में अच्छा रैंक हासिल करते हुए परीक्षा को क्रैक किया। वह नीट परीक्षा की तैयारी कहीं भी बाहर रहकर नही किया।छात्र ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजन बंधुओं को दिया लेकिन सबसे अधिक छात्र ने अपने चाचा प्रमोद सिंह के कुशल मार्गदर्शन का बखान किया और कहा कि बिना उनके इस परीक्षा को क्रैक करना मुश्किल था।छात्र ने कैटेगरी ईडब्ल्यूएस रैंक में उसकी 1970 रैंक और ऑल इंडिया रैंक में 16896 रैंक हासिल की।छात्र की इस कामयाबी की चर्चा क्षेत्र में जोर-शोर से हो रही है और लोग छात्र का गुणगान करते नहीं थक रहे हैं कि बिना किसी कोचिंग के केवल घर रह कर पढ़ाई कर इस परीक्षा को हासिल करना बड़े गर्व की बात है। छात्र के घर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है।

# सई नदी में डूबने से दो सगे भाइयों समेत तीन किशोरों की मौत

## स्थानीय लोगों की मदद से किशोर के शव को निकाला गया बाहर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लालगंज थाना क्षेत्र के रानीगंज अजगरा तेलियाही गांव निवासी धीरज कुमार तिवारी के दो बेटे आदर्श तिवारी (14) और आदित्य तिवारी (12) अपने ननिहाल रानीगंज क्षेत्र के मऊ गांव में आए थे। बुधवार को दोनों भाई एक अन्य किशोर शिवम पांडेय (16) सई नदी में स्नान करने के लिए गए थे। रानीगंज थाना क्षेत्र के मऊ गांव में सई नदी में स्नान करने गए दो सगे भाइयों समेत तीन किशोर गहरे पानी में समा गए। शोरगुल मचाने पर लोगों ने पानी में छलांग लगाकर उनकी खोजबीन शुरू कर दी। काफी देर बाद तीनों का शव बरामद कर लिया गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

लालगंज थाना क्षेत्र के रानीगंज अजगरा तेलियाही गांव निवासी धीरज कुमार तिवारी के दो बेटे आदर्श तिवारी (14) और आदित्य तिवारी (12) अपने ननिहाल रानीगंज क्षेत्र के मऊ गांव में आए थे। बुधवार को दोनों भाई एक अन्य किशोर शिवम पांडेय (16) सई नदी में स्नान करने के लिए गए थे। नहाते समय तीनों गहराई में चले गए और डूबने लगे। यह देख साथ में स्नान कर रहे बच्चों ने शोर गुल मचाना शुरू कर दिया। लोगों ने पानी में जाकर तीनो की खोजबीन शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद सगे भाइयों को बरामद कर लिया। कुछ देर बाद शिवम का शव भी बरामद कर लिया गया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।


किशोर की मौत पर रोते-बिलखते परिजन।

## मां के करुण रूदन से लोगों की आंखें हुई नम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बताते चलें कि धीरज दुबे व सीमा दुबे को मात्र दो पुत्र थे और दोनों के मृतक हो जाने के बाद मां सीमा दुबे यह कहकर रो रही है कि आखिर अब बुढ़ापे की लाठी का कौन बनेगा सहारा। यही कहते हुए वह अचेत होकर गिर जा रही है। मां के इस करुण रुदन को सुनकर आए हुए गांव के तमाम लोगों की आंखें नम हो गई। संतोष पांडे व संगीता को भी एक ही पुत्र था और उसके मृत हो जाने से उनके घर का भी चिराग बुझ गया।

# सपा की जीत पर झूमे सपाई,एक दूसरे को मिठाई खिला किया खुशी का इजहार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार को प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल ने 65628 मतो से शानदार जीत हासिल किया, जिस पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थको ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। प्रतापगढ़ लोक सभा सीट का मुकाबला बहुत ही रोमांचक था शुरुआती रुझानों में सपा के एसपी सिंह पटेल ने बढ़त बनाई तो लगातार आगे बढ़ते गए । पट्टी विधानसभा से उन्हें अच्छी खासी बढ़त मिली वह कुल 439836 मत प्राप्त किये और 65628 मतों से विजयी घोषित किए गए । वहीं भाजपा के संगम लाल गुप्ता को 374208 मत मिले। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी तथा पूर्व एमएलसी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल की जीत पर पट्टी कार्यालय पर समर्थको ने मंगलवार की शाम को मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा किया । समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि जनादेश लोकतंत्र और जनता के लिए शुभ संकेत है । भारतीय जनता पार्टी की तानाशाही और मनमानी रवैया से लोकतंत्र खतरे में पड़ गया था इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पूर्व एमएलसी प्रत्याशी विजय यादव ने प्रतापगढ़ जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दिया मुख्य रूप से पंकज यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग के चलते विवाहिता को पति ने पीट कर घर से भगाया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोहंडौर थाना क्षेत्र के लौली पोख्ता खाम गांव निवासी विवाहिता का आरोप है कि उसका पति किसी अन्य महिला के साथ प्रेम प्रसंग में पड़कर विवाहिता का खर्चा आदि बंद कर दिया। बुधवार को विवाहिता को उसके पति ने मार-पीट कर घर से भगा दिया। विवाहिता ने मायके पहुंच कर आप बीती बताइ और भाई के साथ पट्टी कस्बा पहुंची जहां पर उसका पति कस्बे के एक फर्नीचर व्यवसायी के यहां काम करता है।जब वह वहां पहुंची तो पति ने उसे भद्दी भद्दी गाली देते हुए विवाहिता और उसके भाई को मारने पीटने के लिए दौड़ा लिया। विवाहिता ने भाग कर अपनी जान बचाई।जिसके बाद विवाहिता ने पट्टी कोतवाली पहुंच कर पति के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया।प्रार्थना पत्र के आधार पर कस्बा इंचार्ज इंद्रेश कुमार मामले को गंभीरता से लेते हुए पति को थाने ले आए। और मामले की जांच पड़ताल करने के बाद कोहडौर थाना अंतर्गत मामला होने के कारण विवाहिता को वहां भेज दिया। विवाहिता ने कोहड़ौर थाना पहुंचकर थाने में पति के खिलाफ प्रार्थना पत्र देते हुए वैधानिक कार्यवाही की मांग की है।

# अस्थान गांव में बिजली पानी के लिए मचा हुआ हाहाकार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पिछले दिनों नवाबगंज थाना क्षेत्र मे भीषण आंधी तूफान व पानी के चलते सारा जन जीवन अस्त ब्यस्त हो गया जिसमे संग्रामगढ़ फीडर से जुड़े जनवामऊ फीडर से मिलने वाली अस्थान गांव की बिजली बीते 5 दिनों से बहाल नही हो सकी बिजली के बहाल न होने से अस्थान,संधई का पुरवा, बडोरा, कुम्हारन का पुरवा व चैनी का पुरवा के साथ गोलहन का पुरवा मे बिजली पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है बीते 5 दिनों से जनता त्राहि त्राहि कर रही है जब कि ग्राम प्रधान युवराज साहू ने एसडीओ संग्रामगढ़ अनिल कुमार यादव को खम्भे टूटने की जानकारी फोन से दिया लेकिन अभी तक टूटा बिजली का खम्भा नही बदला गया गर्मी के भीषण प्रकोप से बच्चे बूढ़े ब्याकुल हो रहे है। इस बारे मे जानकारी करने पर संग्रामगढ़ एस डी ओ अनिल कुमार यादव ने बताया कि अस्थान गांव के बिजली के खम्भे टूटने की जानकारी कि आंधी तूफान मे कई जगह के खम्भे टूट गये है दूसरा खम्भा लगाकर बिजली बहाल की जा रही है बुधवार को बारा बीघा मे खम्भे बदलकर लगाए जाने की बात कही गुरुवार को लेवर व लाइन मैन को दूसरे क्षेत्र से बुलाकर अस्थान मे2 व गोलहन का पुरवा मे 1खम्भे लगाकर बिजली बहाल की जाएगी अभी भी कई गांव मे बिजली नही जा रही है लेवर व लाइन मैन को बाहर से बुलवाकर जल्द ही अन्य गांव की भी बिजली बहाल करने का प्रयास जल्द से जल्द करुगा।

# पौधरोपण कर लें पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन का संकल्प

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एलायंस क्लब ने पौधरोपण कर किया अभियान का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ ने पौधरोपण कर इस वर्ष पौधारोपण व पौध वितरण अभियान का शुभारंभ किया। आज क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में आम, नीम, बरगद आदि के पौधे रोपित कर पर्यावरण के संरक्षण,संवर्धन और विकास का संकल्प दिलाया गया।

रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि आज इतनी भयानक स्थिति जो हो रही है उससे बचने के लिए पर्यावरण की सुरक्षा करने के लिए हम सब काम से कम एक-एक पौधरोपित कर उसकी देखभाल करें नहीं तो आगे इससे भी भयानक स्थिति होगी जिससे हम सब निपट नहीं पाएंगे। क्लब इस वर्ष भी पूरे बरसात भर पौधारोपण व पौध वितरण अभियान अपने सहयोगियों के सहयोग से चलाएगा। क्लब ने चिलबिला से पौधारोपण का शुभारंभ किया व पौधरोपित कर उसकी सुरक्षा के लिए लोहे की जाली लगाकर पौधे को सुरक्षित करने की भी व्यवस्था की। इस अवसर पर शनि महाराज, सोनू महाराज, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, आशीष कुमार, आदर्श कुमार, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार आदि ने पौधरोपण किया।


छात्रों को पौधरोपण के लिये पौधा देते शिक्षकगण।

## अंजना पॉलीटेक्निक कालेज में छात्र-छात्राओं ने किया पौधरोपण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को अंजना पॉलीटेक्निक कालेज सकरौली मादूपुर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इसके पूर्व छात्र-छात्राओं के बीच निबन्ध एवं स्लोगन प्रतियोगिता हुई। जिसमें अंकिता तिवारी, खुशबू सिंह,पीयूष मौर्य, सुनील पाल,विपुल मौर्य निबन्ध में अव्वल रहे। सौरभ यादव, अभिषेक यादव, मो.माज, इशिता शुक्ला, सचिन सिंह के स्लोगन सराहे गए। शिक्षकों ने पौधे रोपे तथा पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त की। कालेज परिसर में आम, बरगद, नीम, गूलर, पाकड़, सहजन,केला का पौधा रोपित किया गया। प्रिंसिपल रंजन सिंह ने छात्रों व शिक्षकों को पर्यावरण को बेहतर बनाने व संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस दौरान अंकित विश्वकर्मा, अच्छे लाल, अखिलेश शर्मा, संजय सिंह, शुभम ओझा, आरबी यादव, सुनील सिंह, सूरजभान, प्रदीप आदि मौजूद रहे। बद्री नारायण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक फौजदार सिंह ने पर्यावरण के क्षरण पर चिंता व्यक्त की। छात्र-छात्राओं व शिक्षको ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।


पौधरोपण करते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिव्य ज्योति सेवा संस्थान कालाकांकर प्रतापगढ़ द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू में पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि 1972 में हुए संयुक्त राष्ट्र मानव पर्यावरण सम्मेलन के बाद 1973 से प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्यान वैज्ञानिक महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हरे-भरे जंगल, स्वच्छ वायु, निर्मल जल और विविध जीव-जन्तु मिलकर इस धरती को एक संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं, यह तंत्र ही हमारे अस्तित्व का आधार है। इस मौके पर डॉ नवीन सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, यतेन्द्र कुमार, मनीश सिंह, राकेश मौर्या, मनोज विश्वकर्मा, रविशंकर, जुगुलकिशोर, जीतलाल, मस्तराम, रामआसरे आदि लोग मौजूद रहे।

उधर विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत यूनीक समाज सेवा संस्थान व सेवा अस्माकम धर्मः चैरिटेबल ट्रस्ट आलापुर कुंडा प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर हरित भारत खुशहाल भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के संस्थापक लवलेश कुमार ने पर्यावरण की भयावह संकट से बचने के लिए लोगों को बताया कि प्लास्टिक का उपयोग बंद करें और पर्यावरण का संरक्षित करें। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक लवलेश कुमार अध्यक्ष राहुल कुमार, विनोद कुमार पंकज कुमार, राम प्रताप, अभिषेक, दिनेश, नवल किशोर, उमेश चंद्र व संस्था के सदस्य और 100 स्वयं सेवी की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## आम तोड़ने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर चली लाठी डंडा, तीन घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आम तोड़ने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट के दौरान महिला सहित तीन को चोटे आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के उदईशाहपुर गांव के रहने वाले धीरेंद्र कुमार दुबे ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि मंगलवार की शाम पड़ोसियों ने पीड़ित के बैग में पहुंचे और आम तोड़ने लगे। मना करने पर पड़ोसियों ने लाठी डंडों से मार ने पीटना चालू कर दिए। जिसमें अरुण कुमार दुबे, पुत्र ब्रह्मदेव दुबे, धीरेंद्र कुमार दुबे, निर्मला देवी, को मारपीट कर घायल कर दिए। तीनों लोग घायल हो गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर तीनों घायलों को इलाज हेतु सीएचसी अमरगढ़ भिजवाए जहां पर सभी का इलाज कराया गया। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में थाना अध्यक्ष संतोष सिंह का कहना है कि मार-पीट के दौरान तीन लोग घायल हुए थे सभी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।


ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते कार्यकर्ता।

# ढोल नगाड़ों की धुन पर जमकर नाचे इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज और प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रहे डा.एसपी पटेल के जीतने पर हीरागंज बाजार में कांग्रेस नेता संदीप त्रिपाठी और सपा के नेता सुरेश उपाध्याय और मनोज यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मां नायर देवी धाम पर दर्शन करके माता का आशीर्वाद लिया एवं एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी। इसके साथ पूरे बाजार वासियों को लड्डू खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी तथा ढोल नगाड़े की धुन पर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता जमकर डांस करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। कांग्रेस के संदीप तिवारी ने कहा कि यह शुरुआत एक बदलाव की शुरुआत है।जनता ने जिस तरीके से नकारात्मक राजनीति और अहंकार के खिलाफ वोट देकर आईना दिखाने का काम किया है। क्षेत्रीय स्तर पर छुट भैया नेताओं से जनता परेशान थी जिससे जनता ने विनोद सोनकर जी के साथ-साथ इन नेताओं की भी छुट्टी कर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इंडिया गठबंधन की ही सरकार बनेगी। इस मौके पर गिरधारी लाल यादव उर्फ बाबाजी, देवा सोनी, पुत्तू सेठ, विष्णु गौतम पूर्व प्रधान,बी डी भारती, सुरेश सरोज प्रधान किसुनी, रंजीत यादव ,नानहू यादव, पुन्नू यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बैंड बाजे के साथ पौधों की बारात निकालकर किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गाजे बाजे के साथ सेहरा बांधकर दूल्हे संग नाचते गाते पौधों की बारात निकली। इस अनोखी बारात को देखने के लिए ग्रामीण घरों से निकल पड़े थे। पंचायत भवन से उठी बारात का स्वागत ग्राम प्रधान ने पुष्प वर्षा के साथ किया। गले मिलकर वर और कन्या पक्ष का परिचय हुआ। शादी में सभी बारातियों को विदाई में रोपने के लिए पौधे दिए गए। पर्यावरण दिवस पर बुधवार को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक पौधों की एक अनोखी बारात निकाली। जो किसी ने न देखी, सुनी होगी।बारात ग्राम सभा भंगवा के पंचायत भवन से उठी और बीबीएफजी के फ्री स्टडी पर पहुंची। यहां पर ग्राम प्रधान रोहित ने बारातियों का स्वागत किया। वर, कन्या पक्ष का मिलना कराया। जलपान के बाद बारातियों ने जमकर डांस किया।

# जिलाधिकारी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



**हम सभी को पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए अधिक से अधिक करना चाहिए पौधारोपण**

**हमारे जीवन के लिए धरातल पर अधिक से अधिक पेड़-पौधों का होना अत्यन्त आवश्यक**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बौद्ध वाटिका एवं जिलाधिकारी आवास परिसर में पौधारोपण कर जनपदवासियों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के प्रति जागरूक किया कि पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए हम सभी को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह, उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट, वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव ने भी पौधारोपण कर आमजन को अधिक से अधिक पौधारोपण के प्रति जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन बनाये रखने तथा हमारे जीवन के लिए धरातल पर अधिक से अधिक पेड़-पौधों का होना अत्यन्त आवश्यक है। पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकतीं। वह प्रत्येक तत्व, जिसका उपयोग हम जीवित रहने के लिए करते हैं, वह सभी पर्यावरण के अन्तर्गत आते हैं। हमारा पर्यावरण धरती पर स्वस्थ्य जीवन को अस्तित्व में रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सुरक्षित जीवन के लिए धरातल पर मानक के अनुसार 33 प्रतिशत वन आच्छादित होना चाहिए, जबकि हमारे देश के भौगोलिक क्षेत्र के लगभग 23 प्रतिशत भाग ही वन आच्छादित है एवं उ0प्र0 के भौगोलिक क्षेत्र के लगभग 09 प्रतिशत भाग ही वन आच्छादित हैं। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप जीवन शैली अपनाना चाहिए। हम सब अपने दिनचर्या में बदलाव लाकर भी पर्यावरण का संरक्षण कर सकतें हैं।

## एसपी ने लगाया पौधा,सभी थानों और चौकियों पर भी किया गया पौधरोपण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय, व समस्त थाना व चौकियों पर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस को सफल बनाने के लिये एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं एएसपी अशोक कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में पौधरोपण किया एवं पौधारोपण के महत्व को बताया।



## अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल द्वारा जिला कारागार कौशाम्बी का औचक निरीक्षण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश ने कारागार के बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय, लीगल ऐड क्लिनिक एवं पुस्तकाल का निरीक्षण कर बन्दियों के भोजन, साफ-सफाई, चिकित्सा, सुरक्षा तथा उनको दी जाने वाली विधिक सहायता आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। अपर जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों की




समस्याओं को सुना, जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने तथा महिला कैदियों के साथ रह रहें उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला कारागार में स्थित अस्पताल का भी निरीक्षण किया और वहॉ पर भर्ती बंदियों के स्वास्थ्य और चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, कारापाल एवं उप कारापाल उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जेल अधीक्षक ने जिला जेल में किया पौधरोपण



**कौशाम्बी।** जिले में विश्व पर्यावरण दिवस पर जेल अधीक्षक जिला जेल में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पेड़ मनुष्य को जीवन जीने के लिए 24 घंटे आक्सीजन प्रदान करते है और पेड़ों की रक्षा करना हर मनुष्य का कर्तव्य है। जिला जेल अधीक्षक अजितेश कुमार मिश्रा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जेल परिसर में पौधरोपण किया। उनके साथ डिप्टी जेलर राकेश सिंह सहित अन्य मौजूद लोगों ने भी पौधारोपण किया है। इस दौरान बंदियों और स्टाफ को जागरूक करते हुए जेल अधीक्षक अजीत कुमार मिश्रा ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन को सदैव आक्सीजन प्रदान करते हैं। पेड़ हमारे जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। आधुनिकता की इस लोलुपता में लोगो ने पेड़ो को काटकर अपना आने वाला भविष्य खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्बाही लोग एक - एक पेड़ जरूर लगाए और अपने आने वाले भविष्य के लोगो के जीवन को बचाए।

### अनियंत्रित कंटेनर गड्ढे में पलटा ,ड्राइवर घायल



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग भौंतर मोड़ के पास एक अनियंत्रित कंटेनर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया जिससे कंटेनर ड्राइवर गंभीर घायल हो गया। घटनाक्रम के मुताबिक बीती देर रात्रि आरा बिहार निवासी बनारसी पुत्र लाल मणि प्रयागराज से कंटेनर लेकर कानपुर की तरफ जा रहा था नगर पंचायत अझुवा कस्बे के भौंतर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया सूचना पर मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने कंटेनर ड्राइवर के परिजनों को खबर देकर एंबुलेंस के माध्यम से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### जनहित कारिणी समिति ने निःशुल्क ठंडा शरबत वितरण किया




**नेवादा।** कौशाम्बी इस चिलचिलाती हुई तपन एवं भीषण गर्मी मे जन जीवन एकदम बेहाल हैं इसी को देखते हुये जनहित कारिणी समिति-- उत्तर प्रदेश कौशाम्बी के कार्यकताओं ने ठंडा शरबत का वितरण किया समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश केशरवानी व प्रदेश अध्यक्ष सुशील जैन (एडवोकेट) के आदेशा अनुसार कौशाम्बी के जिला अध्यक्ष रामबाबू केशरवानी के पहल पर कार्यकताओं ने बुद्धवार दिनांक 5 जून को तिल्हापुर मोड़ कार्यालय के पास नीलम चौराहा पर आने जाने वाले राहगीरों को निःशुल्क ठंडा शरबत का वितरण किया कार्यकताओं मे इतना उत्साह था कि लोगों को रोक-रोक कर ठंडा शरबत पिलाया गया और इस मौके पर समिति के जिला महामंत्री मदन केशरवानी, जिला सचिव डा.गनेश प्रसाद,बृजेन्द्र केशरवानी,कोषाध्यक्ष सुनील केशरवानी,भोला सोनी,प्रदीप केशरवानी उर्फ पप्पू,व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सिपाही के आतंक से नगर में मचा हाहाकार

**खड़ी बाइक में सिपाही ने टक्कर मारने के बाद डीएफओ के स्टोनों से की मारपीट**

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में एक सिपाही की करतूत इन दिनों चर्चा में है ड्यूटी के बाद यह सिपाही शराब के नशे में आम जनमानस से बेवजह झगड़ा लड़ाई कर पुलिस वर्दी का रौब झाड़ता है जिससे नगर क्षेत्र की आम जनता परेशान हो गई है यह सिपाही अदालत ड्यूटी पर तैनात बताया जाता है बीच सड़क पर लोगों से गाली गलौज करना झगड़ा करना इस सिपाही की दिनचर्या में शामिल हो गया है ताजा मामला बुधवार की शाम लगभग 9:00 बजे मंझनपुर चौराहे से सिराथू रोड पर नरेश अध्यक्ष के घर के पास का है जहां विभागीय काम करने के बाद वन विभाग के कर्मी प्रेम चन्द्र और डीएफओ के स्टेनो चाट की दुकान में चाट खाने के लिए रुके थे इसी बीच इस सिपाही ने वन विभाग कर्मी की खड़ी बाइक में टक्कर मार दिया और फिर गाली गलौज शुरू कर दिया सिपाही शराब के नशे में था सिपाही ने डीएफओ के स्टोनों को मारपीट करना शुरू कर दिया बेवजह सिपाही की करतूत से बीच बाजार हंगामा खड़ा हो गया मौके पर लोगों की भीड़ लग गई लेकिन सिपाही शराब के नशे में गाली गलौज करता रहा सिपाही ने एक बार फिर पुलिस वर्दी शर्मसार कर दी है

### महिला डॉक्टर के साथ भाजपा नेता ने किया अभद्रता, महिलाओं के टीकाकरण के दौरान जमकर हुआ बवाल

**कौशांबी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महिला स्वास्थ्य केंद्र चरवा में महिलाओं के टीकाकरण के दौरान जमकर बवाल हुआ सरकारी अस्पताल में तैनात एक महिला डॉक्टर के साथ भाजपा नेता ने जमकर दबंगई की है जिससे महिलाओं का टीकाकरण प्रभावित हुआ है ड्यूटी में तैनात महिला डॉक्टर के साथ मारपीट किया गया है जमकर गाली गलौज की गई है आक्रोशित भाजपा नेता ने महिला डॉक्टर का गला भी दबा दिया लोगों ने बीच बचाव किया तब महिला डॉक्टर की जान बची है इतने पर भी भाजपा नेता का आक्रोश कम नहीं हुआ तो फोन करके दर्जनों समर्थकों को अस्पताल बुला लिया और घण्टो हंगामा करते रहे महिला डॉक्टर जब थाना पहुंची तो वहां पर भाजपा नेता दर्जनों लोगों के साथ पहुंच गए वहां भी दबंगई दिखाते रहे थाना प्रभारी बलराम सिंह के सामने महिला डॉक्टर रोती बिलखती रही लेकिन देर शाम तक भाजपा नेता के दबाव के चलते महिला डॉक्टर को न्याय नहीं मिल सका है सरकारी अस्पताल में हंगामा करने मारपीट करने वाले भाजपा नेता और उनके समर्थकों पर मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## तीसरे दिन की कथा में भगवान श्रीराम के जन्म का सुनाया प्रसंग

**भगवत्कृपा से मिलता है भगवान की कथा सुनने का सौभाग्य : सुधीरानंद**



**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के रामपुर धमावा स्थित अघोरीबाबा कुटी मे सोमवार 3 जून से चल रही साप्ताहिक श्रीरामकथा के तीसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म की कथा सुनाई गई। श्रीराम जन्म के प्रसंग में कथावाचक सुधीरानंद ने बताया कि मनु और सतरूपा ने नैमिषारण्य में गोमती नदी के तट पर 23000 वर्षों तक साधना की, तब धरती का पाप दूर करने और धर्म की स्थापना हेतु भगवान विष्णु ने प्रभु श्रीराम जी के रूप में धरती पर अवतार लिया। आगे कहा कि भगवान की कथा सुनने का सौभाग्य भगवत्कृपा से मिलता है। इसलिए जहां भी भगवान की कथा होती हो, वहां पहुंचकर भगवान की कथा अवश्य सुननी चाहिए। इस अवसर पर अघोरीबाबा कुटी के संत त्यागी जी महाराज ने लोगों को भगवान श्रीराम जी के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने की शिक्षा दी। तीसरे दिन की कथा सुनने के लिए आसपास के कई गांवों के सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी, सीताराम केसरी, भानू प्रताप सिंह, सचिन केसरवानी, राजेश केसरवानी लाला, राजेश श्रीवास्तव लल्लू मौर्य आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**न्यायिक अधिकारियों द्वारा किया गया वृक्षारोपण**




**कौशाम्बी।** प्रभारी जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी राकेश कुमार-श के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया तथा न्यायिक अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सों श्री आशोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण जैसे जलवायु प्रदूषण या वृक्षों का कम होना,मानव शरीर और स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। इसके साथ ही काशीराम कालोनी समदा में भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल, तहसीलदार श्री भूपाल सिंह, पी०एल०वी० अजय कुमार पाल एवं अन्य जनमानस उपस्थित रहें। कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल द्वारा उपस्थित जनमानस को पर्यावरण को स्वच्छ रखने और अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण शुद्ध एवं स्वच्छ बनाने के लिए अग्रह किया गया और यह भी कहा कि पर्यावरणीय समस्याए जैसे प्रदूषण, जलवायू परिवर्तन इत्यादि मनुष्य को अपनी जीवन शैली के बारे में पुनर्विचार के लिए प्रेरित कर रही है और अब पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण प्रबन्ध की आवश्यकता महत्वपूर्ण है। आज हमें सबसे ज्यादा जरूरत है पर्यावरण संकट के मुद्दे पर आम जनता को जागरूक करने की। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बन्ध में अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदलत श्रीमती शिरीन जैदी की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश/ नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत ने समस्त न्यायिक अधिकारीगणों/ मजिस्ट्रेट गणों को निर्देशित किया कि लघु आपराधिक वाद, शमनीय वाद व एनआईएक्ट के मामलां को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में संदर्भित करते हुए निस्तारित करें एवं राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में अपना योगदान करें यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल ने दी।

## दौड़ा दौड़ा कर लाठियों से पीटा तीन लहूलुहान



**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के पिपराहटा गांव में आम तोड़ने से मना करने पर लाठी डंडों से लैस दर्जन भर दबंगों ने महिला समेत पूरे कुनबे पर लाठी डंडे से जमकर हमला किया है दौड़ा-दौड़ा कर लोगों को पीटा गया है मौके पर कोहराम मच गया लेकिन हमला करने वाले दबंगों की स्थिति यह थी कि समझाने के बाद भी वह मानने को तैयार नहीं थे दूसरे के पेड़ से आम भी तोड़ते हैं चोरी भी करते हैं और चोरी करने से मना करने पर मारपीट करते हैं इस आतंक से आम जनता परेशान है लेकिन दबंगों पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है खुलेआम लाठी डंडे से पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है इस हमले में कई लोगों को चोट आई हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मारपीट में तीन लोग गम्भीर घायल हुए है। जानकारी के मुताबिक पिपरी कोतवाली इलाके के जवई गांव निवासी शिवकुमार पाठक का खेत और बगीचा पिपरहटा गांव में है। बुधवार शाम करीब छ बजे उनका बेटा हिमांशू बगीचा की ओर गया था। वहां पेड़ से पिपरहटा गांव के कुछ युवक आम तोड़ रहे थे। हिमांशू ने युवकों को आम तोड़ने से मना किया तो उन्होंने लाठी डंडों से उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। बेटे ने घर फोन कर सारी बातें बताई तो वह मौके पर पत्नी पूजा और भाई अशोक पाठक हिमांशू को बचाने के लिए भागे। आरोप है कि वहां पहुंचने पर दबंग युवकों ने पत्नी पूजा और भाई अशोक पर भी हमला बोल दिया। हमले में पत्नी का सिर फट गया,भाई और बेटे को भी गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर जुटे अन्य ग्रामीणों के बीच बचाव के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में चोटिल पूजा को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में इंस्पेक्टर विनीत कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत मिली है, घायलों का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### खेत जा रहे युवक के साथ मारपीट



**महगाव कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के रतगहा का अरविंद कुमार यादव 4 जून की रात 10 बजे बाइक से अपने खेत की ओर टहलने जा रहा था रास्ते में पहले से मौजूद गांव के फूलचंद राम विशाल और मूल चंद्र के बेटों और अन्य लोगों ने अरविंद यादव को गाली गलौज करते हुए मारपीट की है आरोप है कि नगदी और मोबाइल भी आरोपियों ने छीन लिया है मारपीट में अरविंद को चोट आई है जिस पर उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन वहां डॉक्टर ना होने से अरविंद को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है मामले की सूचना पीड़ित के भाई ने थाना पुलिस को दी है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका भरवारी स्टेडियम में ईओ व अध्यक्ष ने किया पौधरोपण




**कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका स्टेडियम में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित हुआ।नगर पालिका भरवारी के ईओ राम सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी समेत नगर पालिका भरवारी के दर्जनों सभासद मौजूद रहे।इस दौरान पीपल, नीम, जामुन , आम व बरगद आदि के पौधे रोपे गये। पौधरोपण कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए ईओ रामसिंह ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। जिसमें पौधरोपण का कार्य होता है। इस दौरान रोपे गये पौधे कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर हमें ऑक्सीजन देते हैं। लोगों को पौधे रोपने और उनकी देखभाल करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी ने उपस्थित लोगों को बताया कि पर्यावरण के संतुलन के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। स्वच्छ पर्यावरण से ही मानव जीवन की परिकल्पना की जाती है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सभी को पौधे जरूर लगाने चाहिए। हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। ईओ ने उपस्थित लोगो को रोपित पौधों की सुरक्षा की शपथ भी दिलाई । इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि एडवोकेट आशीष पासी, लेखा लिपिक बब्लू गौतम, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी, सभासद विकास सोनकर, सभासद शादाब अहमद, सभासद प्रतिनिधि राजू पासी, सभासद सुरेन्द्र कुमार सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## बलिहावा गांव की सरकारी जमीन पर रातों-रात हुआ कब्जा ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**कौशांबी।** जिले के ब्लॉक मूरतगंज ग्राम सभा बलिहंवा देह की बेसकीमती जमीन में दबंग कब्जा करके एक रात में 10 फीट की दीवार खड़ी कर दरवाजा लगा दिया है लेखपाल ने कहा अधिकारी चुनाव में व्यस्त है तुम जमीन पर मकान बना लो हम देख लेंगे लेखपाल का सह पाने के बाद ग्रामीणों ने तालाब पर रातोरात दीवार खड़ी कर दी काजू आने जाने वाली सड़क के किनारे रोड से सटी हुई 10 बीघा के तालाब की बेस कीमती जमीन भू माफियाओं के द्वारा कब्जा किया जा रहा है बलिहावा देह ग्राम वासियों को भूमाफियाओं से आम रास्ता न मिलने पर ग्रामीणों ने अपना गुस्सा जाहिर किया ग्रामीणों ने बताया कि यह सब दबंग किस्म के हैं जो 10 बीघा तालाब 42 खाता संख्या 1359 में खसारा में पूरा रकबा 2 बीघा 10 बिस्वा तालाब में दर्ज है बंजर संख्या 39 ढाई बीघा तालाब रोड से सटी हुई जमीन है जिस पर जबरन मकान बना लिया गया है क्षेत्र के लेखपाल से शिकायत करके ग्रामीण थक चुके हैं परंतु कोई निराकरण नहीं हुआ।

## व्यापारी की जमीन पर सिपाहियों ने कब्जा कराने का लिया ठेका

**पूरामुफ़्ती थाना क्षेत्र में न्याय कानून की धज्जियां उड़ रही है आम जनता त्राहि त्राहि कर रही है**



**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार निवासी ब्यापारी ताराचंद्र केसरवानी पुत्र राम आसरे बीते 15 दिनों से अपनी जमीन बचाने के लिए पूरामुफ्ती पुलिस की चौखट पर दौड़ रहे हैं लेकिन पूरामुफ्ती थाना पुलिस व्यापारी की जमीन पर कब्जा कराने का ठेका ले चुकी है और जमीन कब्जा करने वाले लोगों का खुलेआम समर्थन कर रही है थाना पुलिस पार्टी बंदी पर उतर आई है जिससे कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही हैं 15 दिन से लगातार व्यापारी की जमीन पर गांव के दबंग जवरिया कब्जा कर रहे हैं स्थिति इतनी खराब हो गई है कि यदि अपनी जमीन बचाने ब्यापारी अपनी जमीन पर जाएगा तो व्यापारी के साथ मारपीट और उस पर हमला किया जाएगा व्यापारी की जमीन कब्जा करने के बहाने थाना पुलिस उसकी हत्या करवा सकती है 15 दिन बीत जाने के बाद भी व्यापारी को प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस से न्याय नहीं मिल सका है जिससे प्रयागराज में चौपट कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है ताराचन्द्र केशरवानी की पैत्रिक जमीन प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव में मौजूद है जिस पर उनका पहले से पूर्ण कब्जा है लेकिन वह गांव छोड़कर मनौरी बाजार में रहने लगे जिससे गांव के बदनियत लोगों की जमीन पर नियत खराब हो गई और जमीन पर कब्जा शुरू कर दिया ताराचंद की जमीन पर 15 दिन से गांव के रामकृपाल पासी के पुत्रों ने नाजायज असलहों के दम पर जबरिया नीव खोदकर कब्जा शुरू कर दिया था मामले की शिकायत थाना पुलिस से किया थाना पुलिस ने आश्वासन भी दिया लेकिन जमीन पर कब्जा नहीं रुक सका व्यापारी लगातार थाना पुलिस का चक्कर लगाता रहा लेकिन थाना पुलिस जमीन कब्जा कराने का ठेका ले चुकी है थाना पुलिस इधर व्यापारी को टालमटोल करती रही उधर जमीन कब्जा करवाती रही 15 दिन से लगातार जमीन पर दीवार उठाई जा रही है दूसरे की जमीन कब्जा करने का पूरा प्रयास हो रहा है दबंगो की नियत खराब हो गई है जमीन पर कब्जा करने से मना करने पर व्यापारी परिवार के साथ गाली गलौज अभद्रता भी की गयी मामले की सूचना ट्विटर के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को दी गई अधिकारियों ने थाना पुलिस को निर्देशित भी किया लेकिन उसके बाद भी थाना पुलिस पर फर्क नहीं पड़ा साथ ही साथ थाना पुलिस को पीड़ित ने तहरीर भी दिया तहरीर मिलने के बाद थाना पुलिस आरोपी को 22 मई को पकड़ कर थाने लाई लेकिन आरोपी से साठगांठ के बाद आरोपी को थाना पुलिस ने छोड़ दिया है पुलिस के छोड़ने के बाद आरोपी फिर दूसरे की जमीन पर जबरिया निर्माण कर रहा है मना करने पर आरोपी गाली गलौज कर रहा है पुलिस के बल पर अनुसूचित जाति की फर्जी धारा में फसाने की धमकी आरोपी दे रहा है जमीन पर जबरिया कब्जा के मामले में पुरा मुफ्ती पुलिस मजबूर दिखाई पड़ रही है जिससे व्यापारी परिवार परेशान दिखाई पड़ रहा है आखिर अनुसूचित जाति के नाम पर दूसरे की जमीन कब्जा करने का इन दबंगों को कैसे अधिकार मिल गया है पूरामुफ़्ती थाना क्षेत्र में न्याय कानून की धज्जियां उड़ रही है आम जनता त्राहि त्राहि कर रही है।

### मशीन लगाकर सरकारी हैंड पंप पर कब्जा



**चायल कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के सटई मजरा जलालपुर साना ग्राम सभा में सरकारी हैंड पंप पर गांव के दबंगों ने समरसेबल मशीन लगा लिया है और अपना पूरा कब्जा जमा लिया है आस पड़ोस के लोग जब हैंडपंप में पानी भरने जाते हैं तो गाली गलौज करते हुए उनका विरोध किया जाता है सरकारी हैंडपंप में पानी भरने वाले लोगों से मारपीट की कोशिश की जाती है जिससे लोगों को पानी नहीं मिल रहा है इस भीषण गर्मी में गांव के लोग बूंद बूंद पानी को परेशान है दूर-दूर से पानी लाकर लोग अपनी प्यास बुझाते हैं और गांव के दबंग लोग सरकारी हैंड पंप को अपनी जागीर समझते हैं मामले को लेकर गांव के रवि गुप्ता ने खंड विकास अधिकारी चायल है शिकायत करते हुए सरकारी हैंडपंप में कब्जा करने वाले लोगों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है और साथ-साथ सरकारी हैंड पंप में गांव के लोगों को पानी भरने की छूट दिलाए जाने की मांग की है।

## संपादक की कलम से

### लोकतंत्र और संविधान की जीत

मंगलवार, 4 जून 2024 का दिन देश के लोकतंत्र और संविधान के लिए बड़ा मंगलकारी साबित हुआ है। सात चरणों में हुए चुनाव के बाद 4 जून को मतगणना हुई जो इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जारी है। अब तक यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हुआ है कि देश में अगली सरकार किसकी बनेगी और प्रधानमंत्री पद पर कौन बैठेगा। क्योंकि जैसा कि अनुमानित था भाजपानीत एनडीए को इंडिया गठबंधन ने जबरदस्त टक्कर दी। पिछले दो चुनावों में पूर्ण बहुमत हासिल करने वाली भाजपा को सीटें कम हुई हैं और सबसे खास बात यह है कि जिस उत्तर प्रदेश में भाजपा का मजबूत जनाधार था, वहां भाजपा को बड़ा मात मिली है।

श्री मोदी के दिए नारे अबकी बार 4 सौ पार की सच्चाई तो पहले चरण के बाद ही सामने आ गई थी। लेकिन भाजपा फिर भी यह माहौल बनाए हुए थी कि इस बार भी वह आसानी से जीत हासिल कर लेगी और उसके नेतृत्व में एनडीए की सरकार ही बनेगी। सातवें चरण के चुनाव पूरे होते ही जो एक्जिट पोल मुख्यधारा के मीडिया यानी तमाम समाचार चैनलों में दिखाए गए, उनमें भी एनडीए की एकतरफा जीत बताई जा रही थी। हालांकि भाजपा और टीवी चैनलों का बनाया माहौल 4 जून को पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। आलम ऐसा था कि एक समाचार चैनल में एक्जिट पोल पेश करने वाले सर्वे एजेंसी के मुखिया 4 सौ पार के अपने दावे को पूरा न होते देख फूट-फूट कर रो पड़े। इन चुनावों ने देश को कुछ बड़े सबक दिए हैं। जिनमें सबसे अहम सबक यह है कि जनता के विवेक को कम करने की भूल किसी को भी नहीं करना चाहिए। नरेन्द्र मोदी ने पहले ही अपने तीसरे कार्यकाल का ऐलान कर दिया था, उसके बाद पूरे चुनाव प्रचार में उन्होंने दस साल की उपलब्धियों और भावी नीतियों के बारे में चर्चा न कर मंगलसूत्र, मुस्लिम लीग, भैंस चोरी और मुजरे की बात की। जनता ने इस रवैये को बिल्कुल नकार दिया। भाजपा के कई नेताओं ने संविधान बदलने के लिए 4 सौ से ज्यादा सीटों को जरूरी बताया था। लेकिन इंडिया गठबंधन ने संविधान को बचाने की जरूरत देश को समझाई और जनता ने इसे समझा भी। यही वजह है कि अयोध्या में भाजपा की हार हुई, यानी राम मंदिर बनाने का दांव काम नहीं आया। इंदौर में भाजपा प्रत्याशी ने सीट तो बचा ली, लेकिन जिस तरह नोटा को ऐतिहासिक वोट मिले, उससे भाजपा को यह संदेश भी मिल गया कि तोड़-फोड़ की राजनीति जनता को स्वीकार्य नहीं है। यह इस चुनाव का दूसरा अहम सबक था। तीसरा सबक नकारात्मक और दमनात्मक राजनीति के खिलाफ मिला। चुनाव शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग की कार्रवाईयां विपक्षी दलों और उनके नेताओं पर शुरू हुईं। कांग्रेस के खाते सीज किए गए, इलेक्टोरल बॉंड की जानकारी देने में आनाकानी की गई, चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सरेआम धांधली कराई गई। जिन नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर जांच चल रही थीं, उनमें से कई को भाजपा या एनडीए में शामिल कर लिया गया। इन सारी बातों से भाजपा के खिलाफ जनता में माहौल बना, जो चुनाव परिणाम में नजर आ रहा है।

चुनावों का चौथा सबक भारत की ऐतिहासिक विरासत से खिलवाड़ न करने का मिला। इस देश की खासियत गंगा-जमुनी तहजीब है, जिसे पिछले दस सालों में बार-बार कमजोर करने की कोशिशें हुईं। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को परमात्मा का अंश बताने के अजीबोगरीब बयान देकर अपना ओहदा भगवान के समकक्ष करना चाहा, लेकिन इंसान और इंसानियत के महत्व को नहीं समझा। उनके समेत भाजपा के कई नेता खुल कर अल्पसंख्यकों के खिलाफ बयान देते रहे। माधवी लता जैसे प्रत्याशी ने मस्जिद की ओर तीर चलाने का सांकेतिक कृत्य किया। लेकिन जनता ने उन्हें हरा दिया। चुनावों का पांचवा सबक जनता के दुख दर्द से सरकार की दूरी बनाने के नुकसान के रूप में मिला। लॉकडाउन, मणिपुर, महिला पहलवान, किसान आंदोलन, अग्निवीर, पर्चा लीक जैसे अनेक मुद्दे देश में रहे, जिसमें आम जनता अनेक किस्म की दुश्वारियों में फंसी, लेकिन नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने इन मुद्दों पर जनता के साथ कभी संवेदनशीलता नहीं दिखाई। लिहाजा अब जनता ने अपना जवाब भाजपा को सुना दिया है। इन चुनावों में देश की जनता ने सही अर्थों में लोकतंत्र और संविधान को बचाने का काम किया है। राहुल गांधी के शब्दों में कहें तो राजनैतिक विवेक का परिचय दिया है। राहुल गांधी ने इस शब्दावली को खास तौर पर उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए इस्तेमाल किया, क्योंकि भाजपा को सबसे अधिक उम्मीदें इसी राज्य से थीं। हालांकि अब उप्र समेत तमाम राज्यों में समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। दो-दो भारत जोड़ो यात्राएं निकाल कर राहुल गांधी ने देश में एक नये किस्म की राजनैतिक जागरुकता उत्पन्न की थी और उसके बाद विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने इस जागरुकता का और प्रसार किया। गठबंधन के तमाम 28 दलों और उनके नेताओं, कार्यकताओं ने अथक मेहनत करके देश में फिर से ऐसा माहौल बना दिया है, जिसमें जनतंत्र की धड़कनें सुनाई दे रही हैं और तानाशाही प्रवृत्ति की विदाई नजर आ रही है।

## सहायक नदियों के प्रति सरोकार की जरूरत

**- सुरेश भाई**

छोटी नदियों को पुनर्जीवित करना है तो हर क्षेत्र की जलवायु के अनुसार अलग-अलग नियोजन की आवश्यकता है। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कटल कहते हैं कि नदियों को बचाने की आपातकालीन स्थिति है। इसलिए देशभर में नदियों के पुनर्जीवन के लिए चिंतित समाज और पर्यावरणविद् आगे आकर अपनी एक-एक नदी को पुनर्जीवित करने लिए कदम बढ़ाएं।

छोटी-छोटी नदियों से बनी गंगा 2550 किलोमीटर, ब्रह्मपुत्र और सिंधु क्रमशः 916 और 1114 किलोमीटर लंबी हैं। छोटी नदियां अनेक बड़ी नदियों के जल-बहाव को नियंत्रित करती हैं। लगभग सभी बड़ी नदियों के उद्गम ग्लेशियरों से हैं, लेकिन इनके निचले बहाव क्षेत्र में जंगल, तराई, मैदान और बीहड़ क्षेत्रों के बीच से छोटी-छोटी नदियां बड़ी नदियों में मिल रही हैं। छोटी नदियां पारिस्थितिकी तंत्र के कायाकल्प, जल और खाद्य सुरक्षा, आजीविका और समान सामाजिक आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

यमुना भारत की बड़ी नदी है जो इलाहाबाद में गंगा में मिल जाती है। यमुना में भी टौंस, हिंडन, चंबल, बेतवा आदि मिलती हैं। रामगंगा, घाघरा, गंडक, कोसी, महानंदा, सोन आदि गंगा की प्रमुख सहायक नदियां हैं। चंबल और बेतवा उप सहायक हैं। पद्मा और ब्रह्मपुत्र बांग्लादेश से निकलती हैं। चंबल में बनास, सिंध, बेतवा, केन मिलती हैं। सोन नदी में जोहिला, गोपद, रिहंद, कन्हार, उत्तरी कोयल मिलती हैं। नर्मदा में अमरावती, मुखी, तवा, बांगर मिलती हैं। गोदावरी में पैनगंगा, वर्धा, बनगंगा, इंद्रावती, साबरी, मंजीरा और कृष्णा में कोमना, तुंगभद्रा, घाटप्रभा, मालप्रभा, मुसी, मनेरू आदि मिलती हैं। कावेरी की सहायक नदियां हरंगी, हेमवती, काविनी, भवानी, अर्कावती, लक्ष्मणतीर्थ, नोट्याल आदि हैं।

छोटी नदियां भारत में बड़ी संख्या में हैं जो बड़ी नदियों के पोषक के रूप में मानी जाती हैं। छोटी नदियां बड़ी नदियों के प्रवाह को बढ़ाने के साथ-साथ भूजल पुनर्भरण को सक्षम बनाती हैं। मिट्टी की नमी, जैव-विविधता में सुधार करती हैं। सूखे और बाढ़ का सामना करने में मदद करती हैं, लेकिन देश में सूख रही छोटी नदियों का कायाकल्प समुदाय के बिना संभव नहीं है। गौरतलब है कि इन सहायक और छोटी-छोटी नदियों में निरंतर घटती जलराशि चिंता का विषय है। इसका कारण है कि इन नदियों के जल-ग्रहण क्षेत्र में वर्षों से जैव-विविधता का व्यवसायिक दोहन बड़े पैमाने पर हुआ है। खनन और अंधाधुंध भूजल का दोहन हो रहा है। मानवीय जीवन शैली ने नदियों को बेपानी बना दिया है। नदियों की जमीन और जलराशि में अतिक्रमण, शोषण, प्रदूषण के मौजूदा खतरे ने नदियों के पानी को स्नान लायक भी नहीं छोडा है।

ग्लेशियरों के सूखने से हिमपोषित नदियां भी सूख रही हैं। 45 डिग्री से भी अधिक तापमान के कारण छोटी नदियों का पानी लगभग सूख गया है। अप्रैल-जून की भीषण गर्मी से बुंदेलखंड की बहुत सारी नदियां सूख गई हैं जहां पानी के लिए हाहाकार है। पहाड़ी इलाकों में भी देखा जा सकता है जहां गंगा-जमुना की छोटी नदियां और जलस्त्रोत सूख गए हैं वहां भी लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं।

# अभी समाप्त नहीं हुआ है 'अंधा-युग'

**@ राकेश अचल**

अगर आप भाजपा की करारी हार से मुतमईन हैं और अच्छे दिन आने का ख्वाब देख रहे हैं तो सावधान हो जाइये ! अभी भाजपा तनखीन [कमजोर ] हुई है, मोदी जी को काशी ने अविनाशी मानने से इनकार जरूर किया है लेकिन अभी भी देश से 'अँधा युग' समाप्त नहीं हुआ है। भाजपा अभी भी आम चुनाव के बाद सबसे बड़ी पार्टी है इसलिए उसे एक बार फिर देश की सत्ता सम्हलने का मौका मिलने वाला है। ऐसे में ये मान लेना कि- खतरा टल गया है, समझदारी नहीं है।



यकीनन देश की जनता ने अठारहवीं लोकसभा के लिए जनादेश कुछ इस तरह का दिया है कि न तो सत्ता बेलगाम हो सकती है और न विपक्ष निशक्त। अब नयी संसद और नई सरकार ध्वनिमत से नहीं चलेगी। मेजें थपथपाने से नहीं चलेगी। जय श्रीराम के नारों से नहीं चलेगी। मोदी ! मोदी !! के घोष से नहीं चलेगी। नयी सरकार सीना तानकर नहीं, सिर झुककर चलेगी और उन क्षेत्रीय दलों के सामने सिर झुकाकर चलेगी जिन्हें भाजपा अब तक 'पैर की जूती' समझती आयी थी। जनता का और जनार्दन का लाख-लाख शुक्र है कि उसने भाजपा और उसके नेतृत्व वाले गठबंधन को आँखें बंद कर समर्थन नहीं दिया। अर्थात देश में अब अंधभक्तों की संख्या में भी गिरावट आयी है। जनता की आंखों से रतौंधी कम हुई है। काशी के चुनावी नतीजे इसका प्रमाण है।

देश में जहाँ जनता ने इंदौर से भाजपा के शंकर लालवानी को अखंड 11 लाख से ज्यादा मतों से विजयी बनाया। भाजपा के हनुमान अमित शाह को सात लाख से ज्यादा मत दिए, वहीं अविनाशी और गंगा पुत्र माननीय मोदी जी को डेढ़ लाख में निबटा दिया। जाहिर है कि न गंगा ने और न काशी वासियों ने मोदी को स्वीकार किया और न देश ने। फिर भी मोदी जी को बधाई। उनके अखंड आत्मविश्वास को नमन। उनकी निर्लज्जता का अभिनंदन, जो उन्होंने अपनी हार को विनम्रता से स्वीकार करने के बजाय अपने पुराने दम्भ के साथ ही ग्रहण किया है। बेहतर होता कि भाजपा और संघ मोदी जी के विकल्प की तलाश इसी समय कर लेता। क्योंकि अब ये साबित हो गया है कि मोदी जी जब सबको साथ लेकर सबका विकास नहीं कर पाए तो वे चंद्रबाबू नायडू और नीतीश बाबू के भरोसे देश की एक मजबूत सरकार भी नहीं दे सकते। ये दोनों कब और किस मोड़ पर मोदी जी को अकेला छोड़ दें, ये न मोदी जी जानते हैं और न भागवत जी।

मोदी जी को किसी दूसरे राज्य की आवाज सुनाई दे या न दे लेकिन उन्हें देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की आवाज को कान लगाकर/ध्यान लगाकर सुनना चाहिए। लोकसभा की 80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश ने इस बार भाजपा यानि मोदी के नतृत्व वाले गठबंधन को केवल 36 सीटें दीं है। दो युवाओं की जोड़ी को 43 सीटें देकर ये जताने की कोशिश की है कि भविष्य के नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव हैं न कि मोशा। मोदी का जादू भले उत्तर प्रदेश पर नहीं चला लेकिन गुजरात समेत अनेक राज्यों पर चला। यहां तक कि आप की दिल्ली भी भाजपा ने फतह कर ली। ओडिशा में भगवान जगन्नाथ को ठेंगा दिखा दिया और बीजद के अखंड साम्राज्य को ध्वस्त कर दिया। मोदी जी शायद उत्तर प्रदेश को लेकर गफलत में रहे, इसीलिए गच्चा खा गए।

बहरहाल मोदी युग यानि 'राजनीति का 'अँधा युग' अभी समाप्त नहीं हुआ है। जनता ने उसे क्षीण किया है। मोदी को अभी न भाजपा खारिज कर पायी है और न आरएसएस। मोदी अभी भी भाजपा के स्वयंभू नेता हैं। भाजपा का संसदीय दल उन्हें चुने या न चुने, वे चुने चुनाये नेता हैं। वे ही नयी सरकार के गठन के लिए आगे आएंगे। अभी विपक्ष ये गलती नहीं करेगा। विपक्ष मोदी जी को उनकी ही चालों से मात देने के लिए वक्त का इन्तजार करेगा और यही उसके हित में भी है। मोदी युग का समापन सम्भवत : चंद्र बाबू नायडू और नीतीश बाबू के हाथों से होगा ये दोनों बूढ़े लेकिन तजुबेकार नेता है। म

ोदी जी से भी ज्यादा तजुर्बा है इन दोनों के पास। राजनीति के इन दोनों ऊंटों की करवट के बारे में कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। कम से कम मै तो इन दोनों के बारे में कोई भविष्यवाणी नहीं कर सकता।

गालिब का एक शेर बार-बार याद आता है। वे कहते हैं -

था बहुत शोर की गालिब के उड़ेंगे पुर्जे
देखने हम भी गए, पै ये तमाशा न हुआ

दरअसल असली तमाशा अब शुरू होगा। भाजपा को अपने जिस्म से खून की एक बूँद टपकाये बिना अपने सहयोगियों को उनके हिस्से की सत्ता का एक-एक पौंड गोश्त काटकर देना होगा। भाजपा को नायडू और नीतीश का समर्थन इसी बिना पर मिलेगा। भाजपा अब 2019 की भाजपा नहीं है। नरेंद्र मोदी भी अब 2019 के मोदी नहीं हैं। अब उन्हें अपने आगे-पीछे, दाएं-बाएं चलने वाले कैमरों की आधी भीड़ नायडू और नीतीश बाबू को भी देना होगी। उन्होंने इसमें ना-नुकुर की तो फिर मुमकिन है कि मोदी जी का अंधायुग सचमुच समाप्त हो जाये। इस चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण पहलू ये है कि संदिग्ध ईवीएम जनता की ईमानदारी के सामने बेईमानी करने से डर गयीं। हालाँकि उन्हें जहाँ मौका मिला उन्होंने चौका मारा भी।

बहरहाल मोदी जी को उनकी नयी सरकार को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं। उम्मीद की जाना चाहिए कि माननीय मोदी जी अब समझ जायेंगे की जम्मू-कश्मीर के तीन टुकड़े करने, अयोध्या में राम मंदिर बनाने या तीन तलाक कानून बनाने से बैतरणी पार नहीं की जा सकती। वैतरणी पार करने के लिए अहंकार से मुक्ति आवश्यक है। अहनकार एक तरह का रोग है। इसका इलाज केवल जनता ही कर सकती है, और उसने इलाज करने की कोशिश की भी है। इसलिए मोदी जी कि साथ देश की जनता को भी बधाई और शुभकामनाएं।

## मोदी के राजनैतिक मॉडल को बड़े पैमाने पर नकारा जनता ने

**- डॉ. दीपक पाचपोर**

अपने 'कांग्रेस मुक्त भारत' व बाद में 'विपक्ष मुक्त भारत' के सपने को पूरा करने के लिये मोदी-शाह की जोड़ी ने देश भर के उन सभी राज्यों में 'ऑपरेशन लोटस' चलाया जिसके अंतर्गत विरोधी दलों की सरकारों को गिराया गया। इस दशक भर में 400 से अधिक विपक्षी विधायकों, सांसदों व नेताओं को खरीदकर या डरा-धमकाकर भाजपा में शामिल कराया गया। निर्वाचन आयोग की सुस्ती के चलते मंगलवार की शाम तक लोकसभा चुनाव की सारी सीटों के नतीजे तो नहीं आ पाए, लेकिन जितने परिणाम आ सके और धुंधली सी ही भावी लोकसभा की जैसी तस्वीर बनती नजर आ रही है वह यह तो अब तक नहीं बता पाई है कि किसकी सरकार बनने जा रही है, लेकिन एक बात जो स्पष्ट हो गयी है वह यह कि देश की जनता ने निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नकारात्मकता एवं उनके द्वारा पिछले एक दशक में लागू राजनैतिक मॉडल को पूर्णतः अस्वीकृत कर दिया है। शाम तक भाजपा प्रणीत एनडीए व कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन की बराबरी की टक्कर जारी थी। कभी किसी के आंकड़े ऊपर जा रहे थे तो कभी किसी के। हो सकता है कि जोड़-तोड़ में माहिर भारतीय जनता पार्टी सरकार बना ले और मोदी तीसरी बार पीएम बनने का अपना सपना भी पूरा कर लें, लेकिन यह निश्चित है कि मोदी बेहद कमजोर प्रधानमंत्री के तौर पर काम कर सकेंगे। उनके पास पहले दो कार्यकालों जैसा न तो रौब-दाब होगा और न ही वे सरकार व पार्टी के भीतर एकछत्र राज कर पायेंगे। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि आने वाली राजनीति उन दुगुर्णों से मुक्त हो सकती है जो मोदी लेकर आये थे। उल्लेखनीय है कि दोनों प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों के शाम तक आये आंकड़े बहुमत के ईर्द-गिर्द थे। इसका अर्थ यह है कि जिसकी भी सरकार बनेगी वह घटक दलों पर बहुत ज्यादा आश्रित रहेगी। मोदी को अपनी सियासत का वह स्वरूप छोड़ना होगा जो उन्होंने बड़े बहुमत के बल पर गढ़ा था। उनकी व्यक्तिवादी राजनीति भाजपा पर भारी पड़ती नजर आई है। इस लिहाज से कहें तो पार्टी भी उनके बारे में सोच सकती है कि क्या वह उन्हीं के नेतृत्व में सरकार बनाये या कोई नया चेहरा तलाश किया जाये। खैर, यह भाजपा व उसके सहयोगी दलों के सोचने की बात है परन्तु उन बिन्दुओं पर विचार किया जाना जरूरी है जो मोदी निर्मित राजनीति के हिस्से हैं। उनमें पहला तो है निरंकुशता का। याद हो कि 2014 में आये मोदी ने सारी शक्तियां अपने हाथों में ले ली हैं। संसद हो या कार्यपालिका अथवा कोई भी संवैधानिक संस्थाएं- सारी की सारी मोदी ने अपनी मुयिों में कैद कर रखी थीं। जितने भी निर्णय लिये गये, वे सारे मोदी द्वारा या गिने-चुने लोगों के साथ मिलकर लिये गये। जीएसटी से लेकर नोटबन्दी व बुलेट ट्रेन से लेकर सेंट्रल विस्टा तक के फैसले अकेले मोदी ने लिये। संसद को कभी भरोसे में नहीं लिया गया। मंत्रिपरिषद नाममात्र की थी। फोकस मोदी पर ही रहा। समारोहों एवं विज्ञापनों में केवल मोदी ही होते थे। किसे चुनावी टिकट देने हैं और किन्हें नहीं- यह फैसला भी मोदी व उनके खासमखास केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह लेते रहे। पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मुहर मात्र हैं। अपने 'कांग्रेस मुक्त भारत' व बाद में 'विपक्ष मुक्त भारत' के सपने को पूरा करने के लिये मोदी-शाह की जोड़ी ने देश भर के उन सभी राज्यों में 'ऑपरेशन लोटस' चलाया जिसके अंतर्गत विरोधी दलों की सरकारों को गिराया गया। इस दशक भर में 400 से अधिक विपक्षी विधायकों, सांसदों व नेताओं को खरीदकर या डरा-धमकाकर भाजपा में शामिल कराया गया। राजनैतिक विरोधियों ही नहीं बल्कि वैचारिक रूप से उनके खिलाफ सभी लोगों को उन्होंने प्रताड़ित किया है। बड़ी संख्या में लेखकों, पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार व सामाजिक कार्यकताओं को इस दौरान जेल का रास्ता दिखाया गया। संसद के भीतर विरोधी पार्टियों के सदस्यों को थोक के भाव से निकाल बाहर किया गया, उनके बयानों को कार्यवाहियों से हटाया गया। इस दौरान मोदी ने प्रेस या किसी भी तरह के उन्मुक्त संवाद से दूरी बनाये रखी। अलबत्ता ऐन चुनाव के वक्त पर उन्होंने 75 से अधिक साक्षात्कार देकर जनता को प्रभावित करने की कोशिश की।

# मानवी मां के दूध को बेचने की कोशिश

## सरकार ने दान में मिले दूध को ऊंची कीमत पर बेचने पर लगाई रोक, मानव मां का दूध अमृत है इसे बाजार में बेचने की इजाजत नहीं

**हेमलता म्हस्के**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

अपने देश में खासतौर से दूध को लेकर कई कहावतें और मुहावरे हैं। दूध की पवित्रता इतनी है कि इसे भगवान की प्रतिमाओं और प्रतीकों को भी चढ़ाया जाता है। भगवान को भी गाय, भैंस और बकरी के ही दूध चढ़ाएं जाते हैं लेकिन मां या मानव के दूध को नहीं। मां के दूध का अलग ही महत्व है। इसे अमृत कहा जाता है। अमृत की खरीद बिक्री नहीं हो सकती। एक और मुहावरा है दूध का धुला। मतलब साफ और पवित्र। मां के दूध का मान इतना है कि सीमा पर तैनात सैनिक भी मां के दूध को लजाने नहीं देने के संकल्प से अभिभूत होते हैं। और बहादुर माताएं भी सीमाओं पर लड़ने जाते अपने भारतीय सैनिक बेटे को यही हिदायत देती है कि मेरे दूध को कलंकित नही करना। लोगों को सचेत करने के ख्याल से भी एक और कहावत दूध पर है कि दूध का जला छाछ भी फूक फूक कर पीता है। लड़ने वाले भी अक्सर अपने प्रतिद्वंद्वी को ललकारने के लिए बोलते हैं अगर मां का दूध पिया है तो आ जाओ मुझसे लड़कर दिखाओ। ऐसी उच्च मान्यताओं वाले मानव मां अब मानव मां के दूध और उसके बने उत्पादों को आम दूध की तरह ही बाजारों में बेचने लग जाएं तो मानव मां के दूध पर बने इन कहावतों, लोकोक्तियों और मुहावरों का क्या अर्थ रह जायेगा। अब तक महिलाओं के शरीर और उसके कोख ही बिक रहे थे लेकिन बहुत सी कंपनियां और डेयरी वाले अब मुनाफे के लिए महिलाओं के दूध और उससे बने उत्पादों को भी बेचने की कोशिश में हैं। और खबर यह भी है कि भारतीय बाजारों में भी मानव मां के दूध और उससे बने उत्पाद बेचे जा रहे हैं।

कहते है महिलाओं के ब्रेस्ड दूध और उसके उत्पादों की बहुत मांग है। खाद्य नियामक ने संज्ञान लिया है और कहा है कि मानव मां के दूध की बिक्री नहीं की जा सकती। खाद्य नियामक ने खाद्य व्यवसाय संचालकों को चेताया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लाइसेंस अधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि मां के दूध या इंसानी दूध के प्रसंस्करण और बिक्री के लिए किसी भी हालत में मंजूरी न दें। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने यह निर्देश ऐसे समय में दिए हैं जब इस तरह की शिकायतें आ रही हैं कि कुछ संस्थाएं मां का दूध खुले बाजार में बेच रही हैं। मानक प्राधिकरण ने इंसानी दूध और उसके उत्पादन के



अन्य अनाधिकृत व्यवसायीकरण के संबंध में 24 मई 2024 को एक एडवाइजरी जारी की थी। खाद्य नियामक ने सलाह में कहा है कि मानव दूध और उसके उत्पादों के व्यवसायीकरण के बारे में विभिन्न पंजीकृत समितियां से अभ्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं।

एफएसएसएआई ने मानव दूध के प्रसंस्करण या बिक्री की अनुमति नहीं दी है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों को जारी सलाह में निगरानी संस्था ने यह भी सलाह दी है कि मानव दूध और उसके उत्पादन के व्यवसाय कारण से संबंधित ऐसी सभी गतिविधियों को तुरंत रोका जाए नियमों का उल्लंघन करने वाले फूड बिजनेस ऑपरेटर के खिलाफ एफ एसएस अधिनियम 2006 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है। राज्य और केंद्रीय लाइसेंस अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि मां के दूध के प्रसंस्करण या बिक्री में शामिल व्यवसाई को लाइसेंस नहीं दिया जाए।

गौरतलब है कि ब्रेस्टफीडिंग प्रमोशन नेटवर्क ऑफ इंडिया (बीपीएनआई) देश में शिशु दूध के विकल्प के व्यापार से संबंधित कानून की निगरानी करती है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक बीपीएनआई मां के दूध के व्यावसायीकरण पर पाबंदी लगाने के लिए एक कानून बनाने की वकालत कर रही है। मंत्रालय के इस कदम को दूध बेचने वाली कंपनी ने कर्नाटक हाई कोर्ट में चुनौती दी है। वहीं एक दूसरे मामले में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक स्वास्थ्य-तकनीक स्टार्ट-अप नेस्लाक बायोसाइंसेज का लाइसेंस निलंबित कर दिया। यह कंपनी 'हैपिनेस'नाम का एक प्रोडक्ट बेच रही थी।यह इंसानी दूध को फ्रीज में रखकर और सुखाकर उसे रेडी-टू-यूज पाउडर में बदल दिया जाता है। इस कंपनी पर खाद्य सुरक्षा और मानक कानून,2006 का उल्लंघन करने का आरोप है।

बेंगलुरु की नियोलैक्टा लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड ने अपना कामकाज 2016 में शुरू किया था। कंपनी का दावा है कि वह उन प्रसूता महिलाओं से दूध जमा करती है, जो दान करना चाहती हैं। कंपनी इस दूध पाश्चुराइज्ड कर नवजातों के माता-पिता को ऊंची कीमत पर बेचती थी। नियोलैक्टा लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड को एशिया की पहली ऐसी कंपनी बताया जा रहा था, जो मां के दूध का फायदे के लिए बेचती है।

वहीं मोहाली की कंपनी नेस्लाक बायोसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड की शुरूआत 2021 में हुई थी। यह कंपनी मां के दूध को पाउडर में बदलकर बाजार में ऊंची कीमत पर बेच देती है । कंपनी का दावा था कि उसके पास इस दूध की गुणवत्ता चेक करने की तकनीक है। उसका कहना है कि वो मां के दूध का बैंक स्थापित करने में अस्पतालों की मदद करती है।

इन दोनों कंपनियों का दावा है कि वो मां के दूध की गुणवत्ता को बरकरार रखती हैं। उनका दावा है कि वो समय से पहले पैदा हुए बच्चों को मां का दूध उपलब्ध कराने वाले सेवा प्रदाता हैं। लेकिन इन कंपनियों के दावों की स्वास्थ्य विशेषज्ञों, सामाजिक कार्यकताओं और अकादमिशियनों ने आलोचना की। इसके बाद इन कंपनियों के दावों की जांच की गई।

नियोलैक्टा लाइफ साइंसेज ने आयुष विभाग से लाइसेंस हासिल किया था । उसके पास अपने प्रोडटक्ट को आयुर्वेदिक दवाओं की श्रेणी में बेचने का लाइसेंस मिला था। इस लाइसेंस को आयुष मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद रद्द कर दिया गया था। यह कंपनी तीन श्रेणियों में पांच तरह के उत्पाद बनाती थी। कंपनी की बेवसाइट के मुताबिक उसकी मदद से 450 से अधिक अस्पतालों में एक लाख से अधिक नवजातों को फायदा पहुंचा है।

खाद्य सुरक्षा और मानक कानून के तहत इंसानी दूध के प्रॉसेसिंग और बिक्री की इजाजत नहीं है। इसके बाद भी कंपनियां भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण से यह दावा करके लाइसेंस ले रही हैं कि वे डेयरी उत्पादों के लिए हैं। यह लाइसेंस लेने के बाद ये कंपनियां मानव दूध का पाउडर लोगों को बेचते हैं, जिसे वो अपने नवजात बच्चे को देते हैं।

इस कारोबार को देखते हुए बीपीएनआई को लगता है कि मौजूदा कानून किसी भी प्रकार के इंसानी दूध की खरीद-फरोख्त पर पाबंदी नहीं लगा पाता है। बीपीएनआई 1995 से देश में शिशुओं के दूध के विकल्प,दूध पिलाने की बोतल और शिशु आहार (उत्पादन,आपूर्ति और वितरण का विनियमन) कानून को लागू करवाने की जिम्मेदारी उठा रहा है। यह संगठन एक नए कानून की पैरवी कर रहा है।

# चित्रकूट संदेश

# अमावस्या मेला में 11 से चार के बीच न करें परिक्रमाः डीएम

## हीट स्ट्रोक-लू से बचाव के डीएम ने बताये उपाय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनन्द ने बताया कि आज छह जून को ज्येष्ठ मास की अमावस्या है। पिछले वर्षों में सीतापुर कर्वी रामघाट मंदाकिनी नदी में स्नान व मत्स्यगयेन्द्रनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक एवं कामदनाथ के दर्शन/परिक्रमा को लाखों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं।

बुधवार को उन्होंने बताया कि धार्मिक गतिविधियां अमावस्या के एक दिन पहले शुरू होकर अगले दिन तक चलती हैं। पर्व पर पवित्र नदी मंदाकिनी में स्नान, मत्स्यगयेन्द्रनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक, कामदगिरि के दर्शन/परिक्रमा बाबत धार्मिक गतिविधियों मेला पांच से सात जून तक चलेगा। लाखों की तादाद में श्रद्धालु आयेंगे। इन दिनों भीषण गर्मी हीटवेब के मद्देनजर हीट स्ट्रोक/लू प्रकोप से बचाव को मौसम विभाग ने शासन से जारी चेतावनी, दिशा-निर्देश जारी किया है।



डीएम अभिषेक आनन्द।

उन्होंने विभिन्न विभागों से समुचित व्यवस्था करने के निर्देश के साथ जन सामान्य में पीए सिस्टम से जन जागरूकता, समुचित प्रचार-प्रसार अमावस्या मेला में कराने को कहा। कडी धूप में जनसामान्य श्रद्धालु खासतौर पर पूर्वान्ह 11 बजे से शाम चार बजे के बीच बाहर न निकलें। जितना संभव हो बार-बार पानी पिये। प्यास न लगे तो भी पानी पिये। हल्के रंग के ढीले-ढीले सूती कपडे पहने।

धूप से बचाव को गमछा, टोपी, छाता, चश्मा, जूते, चप्पल का प्रयोग करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का प्रयोग न करें। घर से बाहर कार्य के समय टोपी, गमछा, छाते का प्रयोग करें। गीले कपडे से चेहरा, सिर, गर्दन पर रखें। तबीयत ठीक न हो या चक्कर आये तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ लस्सी, नमक-चीनी का घोल, नीबू पानी, छाछ, आम का पना आदि सेवन करें। जानवरों को छांव में रखें। उन्हें खूब पानी पीने को दें। घर को ठंडा रखे। पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिडकियां खुली रखे। फैन, ढीले कपडे का प्रयोग करें। ठंडे पानी से बार-बार नहायें। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों व पालतू जानवरों को न छोडे। खाना बनाते समय कमरे की खिड़की व दरवाजे खुले रखें, ताकि हवा आती-जाती रहे।

# गठबंधन प्रत्याशी की जीत पर कांग्रेस नेत्री ने मनाई खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र समेत बांदा-चित्रकूट लोकसभा 48 इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के सांसद बनने पर कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडे ने आवास में महिलाओं के साथ जीत की खुशी मनाते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी।

बुधवार को कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि पूरे देश में तानाशाही संविधान बचाने को जनता ने मतदान किया है। जो लोग पूरे देश में लोकतंत्र को मिटाने का काम कर रहे थे, उनकी हार हुई। जनता ने जिस तरह से देश में जनादेश दिया है, उससे विपक्ष को नई ताकत मिली है। जननायक राहुल गांधी व अखिलेश यादव की जोड़ी ने प्रदेश में नये आयाम कायम किये हैं। पूरे देश व प्रदेश की जनता बधाई के पात्र हैं। बांदा-चित्रकूट में जिस तरह से जनता ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को समर्थन दिया है, सभी बधाई के पात्र हैं। एक महिला के सांसद बनने पर सभी महिलाओं को अलग तरह की खुशी है। कांग्रेस ने हमेशा जनता के हितों की लड़ाई को संघर्ष किया है, आगे भी जारी रहेगा।



खुशी मनाती कांग्रेस नेत्री।

# सपा के बागियों ने भरी सपा मुखिया में ऊर्जा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के ज्यादातर प्रत्याशी लोकसभा की उन सीटों से जीते हैं, जिन सीटों पर सपा के विधायक बागी हो गये थे। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस बार के चुनाव में ऐसी सोशल इंजीनियरिंग से टिकट बांटे कि ज्यादातर चुनाव जीत गये।

ये खुलासा बुधवार को हुआ। बताया गया कि सपा से अमेठी से विधायक राकेश प्रताप सिंह ने बगावत की तो वहां से भाजपा हार गई। रायबरेली से विधायक मनोज पांडे ने बगावत की तो कांग्रेस के राहुल गांधी भारी मतों से चुनाव जीत गये। सपा विधायक अम्बेडकर नगर राकेश पांडे ने बगावत की तो भाजपा यहां से भी चुनाव हार गई। फैजाबाद के सपा विधायक

## जहां भी रहे बागी, वहां जीती सपा-कांग्रेस

अभय सिंह ने सपा से बगावत की तो अयोध्या से भाजपा हार गई। जालौन जिले के कालपी से सपा विधायक विनोद चतुर्वेदी ने सपा से बगावत की तो जालौन से बीजेपी हार गई। इलाहाबाद से सपा विधायक पूजा पाल ने सपा से बगावत की तो कौशांबी व इलाहाबाद से भाजपा की पराजय हो गई।

सपा नेता नारद राय ने बलिया से सपा से बगावत की तो बलिया से सपा के सतानन्द पाण्डेय सांसद चुन लिये गये। सपा से बगावत कर पल्लवी पटेल का भी चुनाव में कहीं कोई असर नहीं दिखा। कुल मिलाकर 18वीं लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन की आंधी चल गई। उत्तर प्रदेश में सपा को अप्रत्याशित सीटें लोकसभा में मिली हैं। सपा सबसे बडी पार्टी के तौर पर उभरकर आई है।

# कर्वी पुलिस ने छेडछाड का वांछित दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अंशुल कुमार ने घर में घुसकर छेडछाड, गाली-गलौज, मारपीट के वांछित अंकित कुमार पुत्र रामबली पाल कसहाई को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अंशुल कुमार, दरोगा गजबये आलम शामिल रहे।

# कायस्थ समाज की नाराजगी सांसद को पडी भारीः सुशील

## अतिक्रमण से भी थे लोग नाराज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव नेता ने कहा कि कायस्थ समाज को भाजपा बंधुवा समझती थी। कायस्थ समाज भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी। इस बार जिले के कायस्थ समाज के लोगों ने दिखा दिया कि वे विवेक से मतदान करने में सक्षम हैं।

बुधवार को पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि सांसद आरके सिंह पटेल ने जिला



पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव।

मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक मराठा कालीन इमारत नगर पालिका के गिराने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने एक शब्द नहीं कहा। इससे क्षेत्र की जनता उनसे नाराज थी। तुलसी स्मारक समिति की जमीन नगर पालिका ने बिना एनओसी के कब्जे में लेकर निर्माण कार्य करा रही है। वहां लगे हजारों पेड काट दिये गये। इस पर भी सांसद ने कोई टिप्पणी नहीं की। इसी तरह जिला मुख्यालय के अतिक्रमण हटाओ अभियान में लोगों की दुकानें ढहाई गईं। यहां तक कि हाईवे में पडने वाले सुलभ शौचालय को न गिरवाकर सांसद ने पक्षपात पूर्ण रवैया अख्तियार किया। इसे लेकर क्षेत्रीय जनता उनसे खासी नाराज थी। कायस्थ समाज/सपा जिला सचिव सुशील श्रीवास्तव ने जिले के कायस्थों से सम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान न करने की अपील की थी। दस साल की सरकार में कायस्थ समाज के मन्दिर स्थल को भी दबंग के कब्जे से मुक्त नहीं कराया। यहां तक कि कायस्थ समाज के लोगों को सम्मान भी नहीं दिया। इससे समाज के लोग भाजपा से दूर होते चले गये।

उन्होंने कहा कि उनके आवाहन कायस्थ समाज के लोगों ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में जमकर मतदान किया। नतीजतन समाजवादी पार्टी की श्रीमती कृष्णा पटेल विजयी हुईं।

# बाल अपचारियों को अपर जिला जज ने किया पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/अपर जिला जज श्रीमती नीलू मेनवाल ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के जारी योजना के तहत जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में विश्व पर्यावरण दिवस पर पूर्व बाल अपचारियों के बीच शिविर लगाया।

बुधवार को अपर जिला जज श्रीमती नीलू मेनवाल ने बताया कि राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में



सम्प्रेक्षण गृह में पर्यावरण दिवस मनाती अपर जिला जज।

आवासित बाल अपचारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पेंटिंग बनाई। बाल अपचारियों की बनायी पेंटिंग पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बाल अपचारियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। अन्य बाल अपचारियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिये। सचिव ने बताया कि पेड-पौधे गर्मी को समाहित कर लेते हैं। लोगों का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक पौधे लगायें, ताकि पर्यावरण शुद्ध हो सके। बाल सम्प्रेक्षण गृह में बाल अपचारियों ने वृक्षारोपण किया। प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायबोर्ड सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी ने बताया कि पर्यावरण बचाने को प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने चाहिए, ताकि वातावरण में संतुलन बना रहे। जीने को शुद्ध माहौल मिल सके। इस मौके पर शिवशंकर त्रिपाठी, श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव सदस्य किशोर न्यायबोर्ड, श्रीमती अंजना पोरवाल विधिक सहपरिवीक्षा अधिकारी/रीडर किशोर न्यायबोर्ड, बीर सिंह संस्था प्रभारी, अर्जुन यादव सामाजिक कार्यकर्ता, दीपक शर्मा परामर्शदाता, विनय कुमार कला प्रशिक्षक आदि मौजूद रहे।

# हत्या-दुष्कर्म में हाईकोर्ट न्यायाधीश अजय भनोट ने दी जमानत

## युवा अधिवक्ता क्रान्तिकिरण पाण्डेय ने पहली बहस में कराई जमानत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के बरगढ थाने के चर्चित दुष्कर्म व हत्या के मामले के आरोपी दिलीप को हाईकोर्ट इलाहाबाद के युवा अधिवक्ता क्रांतिकिरण पाण्डेय ने बुधवार को जमानत मंजूर करा दी है।

बुधवार को हाईकोर्ट में दुष्कर्म-हत्या आरोपी दिलीप पाण्डेय की जमानत पर बहस हुई। उन पर आरोप थे कि छह जनवरी 2024 को मित्र प्रिंस तिवारी, राम अभिलाष उर्फ गुड्डू तिवारी को फोनकर लड़की की व्यवस्था करने व दारू पार्टी के नाम पर राम अभिलाष उर्फ गुड्डू तिवारी ने बरगढ़ बुलाया था। कहा था कि व्यवस्था हो जाएगी। कर्वी से सोनेपुर के ड्राइवर विश्वकर्मा के साथ किराये की ढाई हजार रुपये में गाडी बुककर दिलीप पांडे, मित्र देवेंद्र सिंह उर्फ स्टे, चारू व पंकज यादव के साथ बरगढ़ गये थे। वहां एक महिला के साथ दारू पी। सभी ने एंजॉय किया।

राम अभिलाष तिवारी उर्फ गुड्डू तिवारी की महिला से फोन को लेकर विवाद हुआ। फिर उस महिला की हत्या रात में कर दी गई। ये सभी लोग वहां से अपने-अपने घर चले आये।



युवा अधिवक्ता क्रान्तिकिरण पाण्डेय।

इस मामले में दस जनवरी को खाली प्लॉट में सवेरे गांव के चैकीदार वीसी जोखई ने महिला का शव देखा। मामले की रिपोर्ट बरगढ़ थाने में लिखाई। पुलिस ने हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज की। 3-4 दिनों बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। जांच दौरान 201, 34 आईपीसी व एससी-एसटी एक्ट लगाया। 14 जनवरी को सभी आरोपियों को जेल भेज दिया। आरोपी दिलीप पांडे ने अधिवक्ता क्रांतिकिरण पाण्डेय के माध्यम से एससी-एसटी एक्ट की अपील हाईकोर्ट में मई माह में करवाई। युवा अधिवक्ता की एक बहस में आज पांच जून को न्यायाधीश अजय भनोट की अदालत ने अपील मंजूर कर जमानत दे दी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी/परियोजना लखनऊ/ आईएएस अध्यक्ष/ प्रशासक डॉ हीरालाल पटेल, भूमि संरक्षण अधिकारी ज्ञान प्रकाश यादव के निर्देश पर विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यालय में स्टाफ की मौजूदगी में विजय पाल पटेल मुंशी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ के स्टॉकहोम सम्मेलन में मनाने का निर्णय लिया गया था।

बुधवार को पर्यावरण दिवस पर उन्होंने कहा कि लोगों को जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जैव विविधता, हानि व कई पर्यावरणीय समस्याओं बाबत जागरूक करने का मौका है। पर्यावरण स्वस्थ जीवन व पृथ्वी पर जीवन के

## भूमि संरक्षण-सिंचाई विभाग ने मनाया पर्यावरण दिवस

अस्तित्व में अहम भूमिका निभाता है। पृथ्वी विभिन्न जीवित प्रजातियों का घर है। सभी भोजन, हवा, पानी आदि जरूरतों को पर्यावरण पर निर्भर हैं। सभी लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि विश्व पर्यावरण पर अधिक से अधिक पेड लगायें, ताकि जलवायु परिवर्तन को रोक सकें। जिले को प्लास्टिक मुक्त रखें। इस मौके पर अशोक कुमार पाण्डेय सींचपाल, सुधीर कुमार सींचपाल, हेमन्त कुमार गौतम वाहन चालक, राम सिंह चतुर्थ श्रेणी, राजबहोरी चतुर्थ श्रेणी मौजूद रहे। सभी ने एक-एक पौधा लगाया। डॉ हीरालाल पटेल के निर्देश पर प्लास्टिक/ पॉलीथीन मुक्त को ध्यान में रखते हुये मिट्टी के कुल्हड में लस्सी जलपान किया।

# जिले के लोग लगायें अधिक से अधिक पौधेः डीएम

## वन विभाग ने मनाया पर्यावरण दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व पर्यावरण दिवस पर रानीपुर टाइगर रिजर्व वन विभाग ने वृक्षारोपण में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर ने बेंनजामिना का वृक्ष रानीपुर भट्ट सीतापुर में लगाकर जिलेवासियों से अधिक तादाद में पौधे लगाने की अपील की है।

बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने



पौधरोपण करते डीएम आदि व सिंदूर का पौधा देते डीएफओ।

कहा कि पर्यावरण संरक्षण की सभी की जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पौधे लगायें। जो पौधे लगायें, उनकी देखभाल की जाये, तभी विश्व पर्यावरण दिवस आयोजन सफल माना जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करना व रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पौधे जब बड़े होते हैं, तो फल-फूल व छाया तथा जीने को ऑक्सीजन देते हैं। सभी नागरिकों को जीवन काल में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक नागरिक का है। पर्यावरण को बचाना सबकी अहम जिम्मेदारी है। पौधे लगाकर वर्तमान समेत भविष्य को भी संरक्षित करते हैं। जिलेवासियों से अपील किया कि सभी लोग संकल्प लें कि वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ देख-भाल करेंगे। इस मौके पर डीएफओ नरेन्द्र सिंह ने डीएम-एसपी, सीडीओ को सिंदूर का पौधा भेंट किया। एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, एसडीओ फॉरेस्ट राजीव रंजन सिंह समेत वन विभाग कर्मचारी मौजूद रहे।

# अद्धी-तमंचा-कारतूस समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में दरोगा अनुभव वर्मा ने सीतापुर पुत्र इन्द्रपाल पटेल जुड़गूडू थाना बन्सिया जिला छतरपुर मप्र को एक 12 बोर बन्दूक अद्धी व तमंचा 315 बोर तथा कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उस पर थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अनुभव वर्मा, दीवान अरविन्द कुमार व दीवान/चालक सज्जन कुमार शामिल रहे।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# मन्दाकिनी में गिरने वाले नालों को करायें बन्द

## सफाई के नाम पर फोटो खिंचाकर फुर्र हो जाते हैं लोग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जीवनदायिनी मंदाकिनी नदी में होटल, लाज, मठ-मंदिर, धर्मशाला व रिहायसी घरों से निकला मल- मूत्र नदी में जा रहा है। अवसरवादी लोग सफाई के नाम पर फोटो खिंचाकर सोशल मीडिया डालकर शोहरत हासिल कर रहे हैं। मंदाकिनी नदी कुछ दिनों में आचमन लायक नहीं बचेगी। बुधवार को मन्दाकिनी नदी में प्रदूषण फैलाने वालों का खुलासा हुआ। बताया गया कि बारिश के दस दिन पहले मंदाकिनी नदी के घाटों में खड़े होकर लोग फोटो खिंचाते हैं। सफाई का ढोंग करते हैं। मंदाकिनी में दो दर्जन से अधिक गंदे नालों का सीवर बहता है। प्रदूषण की चपेट से मंदाकिनी कराह रही है। शर्म की बात है कि सफाई के नाम पर फोटो खिंचाने के बाद लोग दिखाई नहीं देते। लोगों को भरोसा होता है कि जल्द नदी स्वच्छ-निर्मल होने वाली है। ऐसे लोगों को मंदाकिनी में गिरने वाले नाले दिखाई नहीं देते। मंदाकिनी मल-मूत्र की बदबू से कराह रही है। यही हाल रहा तो 10-15 साल में मन्दाकिनी का अस्तित्व खत्म हो जायेगा। मंदाकिनी नदी प्रदूषण के प्रति लोगों को जरा सी भी चिन्ता है तो मन्दाकिनी में गिरने वाले नालों को बन्द कराने को अभियान चलायें।



मन्दाकिनी में बहता नाला।

# जलेबी गली से न रोकें आवागमन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परिक्रमा मार्ग खोही बाजार जलेबी गली के व्यापारियों ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि अमावस्या मेला में जलेबी गली से निकलने वाले श्रद्धालुओं के सहारे उनकी रोजी-रोटी चलती है। अमावस्या मेला जलेबी गली से श्रद्धालुओं की रोक लगने से उनकी रोजी-रोटी ठप हो जायेगी।

बुधवार को जलेबी गली के



डीएम को ज्ञापन देने जाते व्यापारी।

व्यापारियों ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि प्रशासन ने जलेबी गली से श्रद्धालुओं के गुजरने पर रोक लगा दी तो उनकी भारी क्षति होगी। वे अमावस्या मेला में श्रद्धालुओं के सहारे गुजर-बसर करते हैं। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से मांग किया कि जलेबी गली से श्रद्धालुओं के आवागमन न रोका जाये। इस मौके पर मिष्ठान व्यापारी गंगा प्रसाद केशरवानी, संदीप गुप्ता, कृष्णा केशरवानी, अजय गुप्ता, राकेश केशरवानी, विष्णु केशरवानी, शिवम, नत्थू प्रसाद, विजय गुप्ता, रितिक, रामभरोसी गुप्ता, विदित गुप्ता, लखन गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजीव गुप्ता, पवन गुप्ता, दीपांशु केशरवानी, जमुना केशरवानी, रविशंकर गुप्ता, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, संतोष केशरवानी, चंदन गुप्ता, लोकनाथ केशरवानी, विजयप्रकाश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, मनोज केशरवानी आदि मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट पूरा होने के करीब, पीएम प्रचंड ने साइट का किया दौरा



**काठमांडू :** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने संखुवासभा जिले में 900 मेगावाट अरुण-3 जलविद्युत परियोजना (हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट) की 11.8 किलोमीटर लंबी हेड रेस टनल के लिए उत्खनन का काम पूरा होने के बाद साइट का दौरा किया.

अरुण-3 जलविद्युत परियोजना का निर्माण एसजेवीएन अरुण-3 पावर डेवलपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (एसएपीडीसी) कर रही है. यह एसजेवीएन की मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी है. एसएपीडीसी एसजेवीएन और नेपाल सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है. इसका मकसद अरुण नदी बेसिन में सतत जलविद्युत उत्पादन से क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाना है. सुरंग निर्माण कार्य के शुभारंभ समारोह में नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री शक्ति बहादुर बस्नेत, नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव, एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुशील शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

इस मौके पर नेपाल के पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि यह सफलता हमें स्वच्छ, नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने और क्षेत्र के सतत विकास में योगदान देने के लक्ष्य के करीब ले आई है. पीएम ने चल रही कोशिशों की सराहना की और अरुण-3 जल विद्युत परियोजना को समय पर पूरा करने में नेपाल सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया.

नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा, 'पीएम नरेंद्र मोदी और पीएम पुष्प कमल दहल ने पिछले साल नेपाल से बिजली के आयात के लिए लॉन्ग टर्म बिजली व्यापार समझौते पर सहमति जताई थी. उन्होंने कहा कि ओरिएंटेड 900 मेगावाट अरुण 3 जलविद्युत परियोजना का पूरा होना इसके लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी. एसजेवीएन के प्रमुख सुशील शर्मा ने नेपाल के प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि हेड रेस टनल का सफलतापूर्वक निर्माण 900 मेगावाट अरुण-3 जल विद्युत परियोजना के निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. सीएमडी ने प्रधानमंत्री को परियोजना की प्रगति और इससे संबंधित 217 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइन के बारे में जानकारी दी.

उन्होंने आगे कहा कि परियोजना का 74 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है. शेष काम तेजी से जारी है. अरुण-3 जल विद्युत परियोजना अगले साल तक बिजली उत्पादन शुरू कर देगी और इसमें हर वर्ष 3,924 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन की क्षमता है. एसजेवीएन इस समय नेपाल में अरुण नदी बेसिन पर 2,200 मेगावाट की तीन जलविद्युत परियोजनाओं को पूरा कर रहा है.

# मुइज्जू ने पीएम मोदी और एनडीए की सफलता के लिए बधाई दी



**माले:** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भाजपा नीत राजग को 2024 के आम चुनावों में लगातार तीसरी बार सफलता मिलने पर बधाई दी. मालदीव के राष्ट्रपति ने आगे कहा कि वह दोनों देशों की समृद्धि के लिए साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं.

मालदीव के राष्ट्रपति मुइजू ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा और भाजपा नीत एनडीए को 2024 के भारतीय आम चुनाव में लगातार तीसरी बार सफलता मिलने पर बधाई. मैं दोनों देशों की साझी समृद्धि और स्थिरता के लिए अपने साझे हितों को आगे बढ़ाने हेतु मिलकर काम करने की आशा करता हूँ.'

इससे पहले अन्य वैश्विक नेताओं ने भी प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नीत एनडीए सरकार को लोकसभा चुनावों में लगातार तीसरी जीत पर हार्दिक बधाई दी. नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी.

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आने के बाद भाजपा नीत राजग केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए अग्रसर है. मंगलवार के परिणाम से विपक्षी दल भी उत्साहित है क्योंकि उसने मजबूत प्रदर्शन किया है. 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अंतिम मतगणना पूरी हो गई है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 240 सीटें जीती हैं, जो कि उम्मीद से कहीं कम है, हालांकि, विपक्षी कांग्रेस पर भारी पड़ी है, जिसने 99 सीटें जीती हैं. 2014 में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद पहली बार उसे अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं हुआ. यह 2019 के चुनाव में जीते गए रिकॉर्ड 303 से बहुत कम है. शाम को अधिकांश परिणाम आने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा नीत राजग लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी और यह विकसित भारत, सबका साथ, सबका विकास के संकल्प तथा भारत के संविधान में लोगों की दृढ़ आस्था की जीत है.

## वेस्ट बैंक में इजराइली सेना ने की दो फिलिस्तीनियों की हत्या



**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को वेस्ट बैंक के शहर तुलकरम में इजराइली सेना की गोलीबारी में दो फिलिस्तीनी मारे गए।

मंत्रालय ने कहा कि मृतकों की पहचान अब्देल फत्ताह जबरा और अहमद रजब के रूप में हुई है।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्र ने समाचार एजेंसी शिन्हआ को बताया कि जबरा और रजब दोनों शहर के शरणार्थी शिविर में रहते थे। उनके शवों को इजराइली सेना ने अपने कब्जे में ले लिया है।

सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि इजराइली सेना ने शहर के पश्चिम में एक सैन्य चौकी पर वाहनों पर गोलीबारी की। इससे मौके पर एंबुलेंस पहुंचने में बाधा उत्पन्न हुई।

इजराइल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार ने बताया कि इजराइली सेना ने तुलकरम क्षेत्र में गोलीबारी के दौरान दो बंदूकधारियों को मार गिराया, जब वे इजराइली आवासीय क्षेत्र की ओर गोली चलाने के उद्देश्य से सुरक्षा बाड़ के पास पहुंचे।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले साल सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी-इजराइल संघर्ष के शुरू होने के बाद से पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में इजराइली गोलीबारी में 500 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

# इटली की पीएम मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी को जीत पर दी बधाई, बोलीं- हमलोग मिलकर काम करेंगे



**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव 2024 का परिणाम सबके सामने है. एनडीए के लिए इस चुनाव में मनमाफिक परिणाम नहीं मिले. बीजेपी ने उम्मीद की थी कि इस आम चुनाव ने 400 पार सीटें मिलेंगी, लेकिन 300 का आंकड़ा पार करने में ही एनडीए की सांसे फूल गई. वहीं, विपक्षी दल अपने प्रदर्शन से काफी खुश है. एनडीए को जहां 292 सीटें मिलीं. वहीं, इंडिया गठबंधन को 234 सीटें हासिल हुईं.

पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए एक बार फिर देश की सत्ता पर काबिज होने जा रहा है. इसको लेकर तमाम देश प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दे रहे हैं.

इसी सिलसिले में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव 2024 में लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करने पर बधाई दी है. अपने बधाई संदेश में मेलोनी ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दोनों देश अपनी मित्रता को मजबूत करने के लिए आगे भी मिलकर काम करेंगे और हमेशा एकजुट रहेंगे.

जॉर्जिया मेलोनी ने आगे कहा कि दोनों देश ऐसे विभिन्न मुद्दों, जो लोगों की भलाई और लोगों को आपस में जोड़ते हैं, उन पर सहयोग करेंगे. उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई और अच्छे काम के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं. इनके अलावा कई विदेशी नेताओं ने पीएम मोदी को बधाई दिया है.

बधाई का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री धन्यवाद दिया. पीएम मोदी ने कहा कि वह वैश्विक भलाई के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि आपकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद. हम भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो साझा मूल्यों और हितों पर आधारित है.

वहीं, नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है. बता दें, मंगलवार 4 जून को लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम सामने आए, जिसमें एनडीए ने बहुमत हासिल किया. विपक्षी दल अपनी जीत पर फूले नहीं समा रहे हैं क्योंकि उनको इस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद नहीं थी। बता दें, लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल एकदम उल्टे साबित हुए. सभी न्यूज चैनलों ने एनडीए को 400 सीटें दी थी, लेकिन ऐसा सही नहीं हुआ. सत्ता और विपक्षी दलों में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला. वहीं, मंगलवार देर शाम पीएम मोदी दिल्ली बीजेपी मुख्यालय पहुंचे और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी. उन्होंने काशी की जनता को खासकर बधाई देते हुए कहा कि आपने मुझे लगातार सांसद बनने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका अहसानमंद हूं.

## नेपाल के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी को लोकसभा चुनाव में सफलता के लिए बधाई दी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के लिए बधाई दी है। प्रचण्ड ने एक्स हैंडल पर संदेश में "तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेन्द्र मोदी को बधाई है।" उन्होंने भाजपा और एनडीए की सफलता पर विश्व के सबसे बडे लोकतांत्रिक अभ्यास में भारतीय जनता की उत्साहजनक सहभागिता को लेकर भी बधाई दी है। प्रचण्ड के बधाई संदेश पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि आने वाले दिन में नेपाल-भारत के संबंधों को और आगे ले जाने के लिए वो हमेशा ही सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। नेपाली कांग्रस के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा, नेकपा एमाले के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, एकीकृत समाजवादी के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल, नेपाल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. बाबूराम भट्टराई ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी है।

## नेहरू के बाद मोदी लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू करने वाले प्रधानमंत्री बने: द न्यूयार्क टाइम्स



**वाशिंगटन।** भारत के आम चुनाव के नतीजे पर दुनियाभर के प्रमुख संचार माध्यमों ने अपनी टिप्पणियों के साथ चर्चा की है। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से लेकर मालदीव तक गूंज है। अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में दिए गए संदर्भ में टिप्पणी की है कि नेहरू के बाद मोदी लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू करने वाले प्रधानमंत्री बने। अखबार ने लिखा है कि नतीजों ने संकेत दिया कि नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी अभी भी अधिकांश संसदीय सीटें जीतेगी...। सरकार बनाने के लिए उसे संभवतः अपने गठबंधन में छोटे दलों की आवश्यकता होगी। द न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा है- 'मोदी पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू करने वाले दूसरे भारतीय नेता होंगे। मोदी ने कल इसे "भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि" बताया।"

## पापुआ न्यू गिनी लैंडस्लाइड पीड़ितों के शव निकालने की कोशिशें हुई बंद, नहीं मिली कामयाबी



पापुआ न्यू गिनी में शुक्रवार, 24 मई को तड़के सुबह करीब 3 बजे एंगा (एल्लँ) प्रांत के काओकलाम (डंङ्ग्ह्यंहें) गांव में अचानक से लैंडस्लाइड हो गया। उस समय सभी लोग सो रहे थे और अचानक से लैंडस्लाइड ने आकर तबाही मचा दी। इस लैंडस्लाइड की वजह से कई लोगो को उठने का मौका ही नहीं मिला। लैंडस्लाइड की वजह से करीब 150 घर तबाह हो गए पूरा गांव ही मलबे के नीचे दब गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2 हजार से ज्यादा लोग मलबे के नीचे जिंदा दब गए। ऐसे में पिछले कई दिनों से पीड़ितों के शवों को बाहर निकालने की कोशिशें की जा रही थी। रेस्क्यू टीम के एक सदस्य के अनुसार मलबे के नीचे दबे लोगों की संख्या 650 के करीब हो सकती है। इसी बीच मलबे के नीचे दबने वाले लोगों के शवों को बाहर निकालने के बारे में एक बड़ा अपडेट सामने आया है।

**पीड़ितों के शव निकालने की कोशिशें हुई बंद**

जानकारी के अनुसार काओकलाम गांव में अब मलबे के नीचे दबे लोगों के शवों को निकालने की कोशिशें बंद कर दी गई हैं। देश की सेना ने इस बात की जानकारी दी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# ये नीली-नीली आंखेंङ्कङ्क., रिसर्च में हुआ ये चौंकाने वाला खुलासा, जानिए



**नई दिल्ली**

तेरी नीली नीली आंखों के दिल पे तीर चल गए। नीली नशीली खूबसूरत आंखों वाले लोगों की बात ही कुछ निराली है। एक रिसर्च में दावा किया गया है कि दुनियाभर में नीली आंखों वाले लोगों के पूर्वज शायद एक जैसे रहे होंगे।

**जीन म्यूटेशन की पहचान**

इस रिसर्च में कहा गया है किछह से 10 हजार साल पहले के जीन म्यूटेशन की पहचान की गई है। आंखों के रंग का संबंध क्या वंश से हो सकता है? क्या एक ही रंग की आंखों वालों के पूर्वज समान होते हैं? ये सवाल अब तक पहेली बने हुए थे। एक नए शोध में दावा किया गया है कि दुनिया में नीली आंखों वाले (इह्लश्री एटीर )सभी लोगों के पूर्वज समान हो सकते हैं।

म्यूटेशन से बदला आंखों का रंग डेनमार्क की कोपेनहेगन यूनिवर्सिटी में सेलुलर और मॉलीक्यूलर विभाग के प्रोफेसर हंस ईबर्ग ( की अगुवाई में हुए शोध में छह से 10 हजार साल पहले के एक जीन म्यूटेशन की पहचान की गई। शोधकताओं का कहना है कि इस म्यूटेशन के कारण मनुष्यों में नीली आंखें उभरीं। म्यूटेशन ने ओसीए-2 जीन में बदलाव किया।

**प्रोटीन में बदलाव ला सकता है म्यूटेशन 'पी'**

रिसर्च के अनुसार ओसीए-2 जीन में म्यूटेशन ह्यपीह्न प्रोटीन में बदलाव ला सकता है, जो मेलेनिन बनने और उसके फैलने को प्रभावित करता है। जिन लोगों में मेलेनिन बहुत कम या बिल्कुल नहीं बनता, उनकी त्वचा बहुत गोरी, बाल और आंखें हल्के रंग की होती हैं।

**ओसीए-2 जीन से तय होता है आंखें का रंग**

शोध के मुख्य लेखक हंस ईबर्ग का कहना है कि ओसीए-2 जीन आम आबादी में आंखों के रंग में भिन्नता से जुड़ा है। जीन के विभिन्न संस्करणों के आईरिस में मेलेनिन की मात्रा और वितरण पर असर डालने के कारण आंखों का रंग नीला या भूरा हो सकता है।

शोधकताओं ने जॉर्डन, डेनमार्क, तुर्किए समेत कई देशों के लोगों की आंखों के रंग और उनके माइटोकॉन्ड्रियाई डीएनए की पड़ताल की। उनका कहना है कि इसका अस्तित्व के संघर्ष से कोई लेना-देना नहीं है और न ही यह अच्छा या बुरा असर बताता है।

## एनएसई ने एक दिन में 1,971 करोड़ ट्रांजैक्शन करके बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** जेडीयू और टीडीपी के एनडीए में बने रहने का ऐलान करने के कारण घरेलू शेयर बाजार ने आज 3 साल बाद एक दिन में 3 प्रतिशत से अधिक उछलने में कामयाबी हासिल की। इस तेजी के साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने आज 1,971 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए, जो दुनिया भर के किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में एक कारोबारी दिन में हुए ट्रांजेक्शन का सर्वोच्च रिकॉर्ड है। इसके पहले दुनिया भर के किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में एक दिन में इतने ट्रांजैक्शन कभी नहीं हुए।

इस रिकॉर्ड की जानकारी एनएसई के सीईओ आशीष चौहान ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न के जरिए दी। उन्होंने लिखा कि एनएसई ने आज 5 जून को सुबह 9:15 बजे से लेकर दोपहर 3:30 बजे तक 6:15 घंटे के कारोबार में 1 दिन में अब तक का सबसे अधिक ट्रांजैक्शन संभाला, जो एक नया विश्व रिकॉर्ड है। एनएसई ने दिन में 1,971 करोड़ ऑर्डर और 28.55 करोड़ ट्रेड को संभाला।

इससे पहले मंगलवार को मतगणना के नतीजों में भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिलने पर शेयर बाजार में मार्च, 2020 के बाद पहली बार 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ गई थी। बुधवार को केंद्र में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने की संभावना बन जाने की वजह से खरीदारों ने आज चौतरफा खरीदारी की। इस वजह से शेयर बाजार ने कल की गिरावट को भूल कर आज जोरदार वापसी की। बाजार में बने उत्साह के माहौल की वजह से निफ्टी 3.36 प्रतिशत उछल कर 22,620.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। फरवरी, 2021 के बाद निफ्टी में एक दिन में आई ये सबसे अधिक तेजी है। 1 फरवरी, 2021 को बजट पेश करने के बाद निफ्टी करीब 5 प्रतिशत उछल गया था।